# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 263 | जयपुर | रविवार, 27 जुलाई, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-तृतीया संवत-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## संक्षिप्त समाचार

### दोस्त वॉट्सएप ग्रुप पर बोला-मराठी में बात करो



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** नवी मुंबई में एक छात्र के मराठी में बात करने के लिए कहने पर साथियों ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने बताया कि सभी एक कॉलेज वॉट्सएप ग्रुप का हिस्सा थे। उनमें से कुछ 21 जुलाई को हिंदी में मैसेज लिख रहे थे। तभी एक छात्र ने मराठी में लिखा, मराठी में बात करो नहीं तो राज ठाकरे आ जाएंगे। इसके बाद वॉट्सएप ग्रुप में बहस होने लगी। अगले दिन सुबह करीब 10.30 बजे फैजान नाइक समेत चार छात्रों ने वाशी में कॉलेज के बाहर उस छात्र पर हमला कर दिया, जिसने मराठी में बोलने के लिए कहा था। नाइक ने छात्र के सिर पर हॉकी स्टिक से भी वार किया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद एमएनएस ने हमलावर छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एमएनएस प्रवक्ता गजानन काले ने कहा कि हम पीड़ित छात्र और उसके परिवार से मिले हैं। दोषियों को सजा मिलने तक हम चुप नहीं बैठेंगे। यह घटना चेतावनी है कि महाराष्ट्र में बढ़ता भाषाई विभाजन खतरनाक है।एमएनएस कार्यकर्ताओं ने 16 जुलाई को मुंबई में एक दुकानदार के साथ मारपीट की। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि दुकानदार ने सोशल मीडिया पर मराठी लोगों के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट की थी। कार्यकर्ता विक्रोली इलाके स्थित दुकान पर पहुंचे और दुकानदार से गाली-गलौच की।

### बंगाल का अपराजिता विधेयक अटका, राज्यपाल ने मृत्युदंड को बताया असंगत



बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** सूत्र ने बताया कि केंद्र ने अपनी टिप्पणी में पाया कि सितंबर 2024 में विधानसभा में पारित अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत बलात्कार के लिए सजा में बदलाव की मांग करता है जो अत्यधिक कठोर और असंगत हैं। राजभवन के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भारतीय न्याय संहिता में प्रस्तावित बदलावों पर केंद्र द्वारा उठाई गई गंभीर आपत्तियों पर विचार के लिए अपराजिता विधेयक को राज्य सरकार के पास वापस भेज दिया है। सूत्र ने बताया कि केंद्र ने अपनी टिप्पणी में पाया कि सितंबर 2024 में विधानसभा में पारित अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत बलात्कार के लिए सजा में बदलाव की मांग करता है जो अत्यधिक कठोर और असंगत हैं। हालांकि, राज्य सरकार ने कहा कि उसे विधेयक के कुछ प्रावधानों पर अपनी टिप्पणियों के संबंध में केंद्र सरकार या राज्यपाल कार्यालय से अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है।

### ये बातों से नहीं मानने वाले, हमास पर भड़के ट्रंप ने इजरायल से कहा- काम खत्म करो

बढ़ता राजस्थान

**वाशिंगटन ( एजेंसी )।** इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रंप प्रशासन ने हमास के भीतर एकता और ईमानदारी की कमी का हवाला देते हुए, दोहा, कतर में संघर्ष विराम वार्ता से अपनी वार्ता टीम को वापस बुला लिया। मध्य पूर्व के लिए ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि हमास समन्वयित या सद्भावना से काम नहीं कर रहा था, और उन्होंने पुष्टि की कि उनकी टीम अब उग्रवादी समूह द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक विकल्पों पर विचार कर रही है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में संघर्ष विराम वार्ता के टूटने के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया और इस क्षेत्र में अपने सैन्य अभियान को तेज करने के लिए इज़राइल के मज़बूत समर्थन का संकेत दिया।

# सीएम भजनलाल ने जर्जर सरकारी बिल्डिंग की मरम्मत के आदेश दिए

## एमएलए स्कूलों की मरम्मत के लिए विधायक फंड का 20 प्रतिशत पैसा दे सकेंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** झालावाड़ जिले के पीपलोदी गांव के सरकारी स्कूल के कमरे की छत गिरने की घटना में सात बच्चों की मौत के बाद अब सरकार ने जर्जर सरकारी भवनों की मरम्मत करवाने का फैसला किया है। सीएम भजनलाल शर्मा ने जर्जर सरकारी स्कूलों, आंगनबाड़ी सहित खराब हालत वाले सभी सरकारी भवनों की मरम्मत करवाने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से सरकारी भवनों की मरम्म्त के लिए विधायक फंड से सिफारिश करने का आग्रह किया है। सीएम ने डांग, मगरा, मेवात क्षेत्रीय विकास योजना के तहत स्कूलों और सरकारी भवनों की मरम्मत के लिए अनुमत राशि को 15 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का फैसला किया है। सीएम ने इसके लिए नियमों में बदलाव को मंजूरी दी है।

**बजट में जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए 375 करोड़ देने की घोषणा**

राज्य सरकार ने इस साल के बजट में बिना भवन और जर्जर स्कूलों के नए भवन बनाने-मरम्मत के लिए 375 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था। हर विधानसभा क्षेत्र को मरम्मत के लिए 3 करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं। इससे स्कूल, आंगनबाड़ी भवनों सहित सरकारी भवनों की मरम्मत के काम करवाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को हाई लेवल बैठक बुलाकर कलेक्टर्स और संबंधित विभागों को स्कूलों, अस्पतालों सहित सभी सरकारी इमारतों का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत करवाने के निर्देश दिए थे। साथ ही, विशेषज्ञों की एक समिति गठित कर 5 दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे।

झालावाड़ जिले के स्कूल में कमरे की छत गिरने से सात बच्चों की मौत के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इस घटना पर राजनीति करने की जगह जवाबदेही निभाने की अपील की है। हालांकि एक दिन पहले 25 जुलाई को डोटासरा ने पोस्ट की और लिखा- ये सिर्फ हादसा नहीं, हत्या है! भाजपा सरकार के करप्शन सिस्टम की आपराधिक लापरवाही का नतीजा है।



**सरकारी भवन की मरम्मत के लिए पैसा दे सकेंगे विधायक**

सीएम ने विधायक फंड के नियमों में बदलाव को मंजूरी दी है। अब विधायक फंड से किसी भी योजना से बने हुए सरकारी भवनों, स्कूलों और आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत के लिए पैसा दिया जा सकेगा विधायक हर साल अपने विधायक फंड का 20 प्रतिशत पैसा सरकारी भवनों की मरम्मत करवाने के लिए खर्च करने की सिफारिश कर सकेंगे।पहले एमएलए-लेड में बने भवनों की मरम्मत का काम ही विधायक फंड से करवाया जा सकता था। अब इस बाध्यता को हटा दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से पुराने और जर्जर सरकारी स्कूलों के भवनों की मरम्मत, रखरखाव के लिए प्राथमिकता से फंड की सिफारिश करने का आग्रह किया है।

# राजस्थान की सरकारी दुकानों में भी हो रहा दवा घोटाला

## आरजीएचएस के तहत फर्जी बिल बनाकर दवाइयां बेचने का आरोप; ड्रग कंट्रोलर को जांच सौंपी




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) के तहत दवाइयों की फर्जी खरीद-बेचान कर करोड़ों रुपए का क्लेम उठाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। अभी तक राज्य के प्राइवेट मेडिकल स्टोर पर इस तरह की घपले पकड़े गए, लेकिन अब सरकारी दुकानों (कॉनफैड की दुकानों) पर भी इस तरह के घपले की शिकायतें मिलने लगी हैं। सहकारी उपभोक्ता संघ लि. की संचालित 5 दुकानों की शिकायत आने के बाद आरजीएचएस एजेंसी ने इस मामले की जांच राजस्थान के ड्रग कंट्रोलर को सौंपी है।आरजीएचएस प्रोजेक्ट डायरेक्टर (पीडी) की ओर से हाल ही में एक पत्र राजस्थान ड्रग कंट्रोलर को लिखा है। इसमें जयपुर की 5 कॉनफैड की दुकानों के बिलों की कॉपी भेजकर उसकी जांच करवाने के लिए कहा है। इसके साथ ही एसएमएस हॉस्पिटल के पार्किंग बेसमेंट में संचालित एक प्राइवेट मेडिकल स्टोर श्री श्याम मेडिकल शॉप की जांच कर उसकी रिपोर्ट मांगी है।

### इन सरकारी दुकानों की जांच शुरू

जिन 5 कॉनफैड दुकानों की जांच करवाई जा रही है। उसमें एसएमएस हॉस्पिटल में संचालित दुकान नं. 7, कांवटिया ब्रांच शास्त्री नगर, कांवटिया परिसर में संचालित एक अन्य कॉनफैड की दुकान, जोरावर सिंह गेट माधव विला के पास स्थित दुकान और किशनपोल बाजार स्थित कॉनफैड की बम्बई वाला आयुर्वेद की दुकान शामिल है।

### बीपी, शुगर मरीज की हर माह 12 से 20 हजार रुपए की दवाइयां

प्रारंभिक जांच और बिलों को देखकर आरजीएचएस एजेंसी ने 4 लाभार्थियों के केस को पकड़ा है। इसमें सभी मरीजों के बीपी और शुगर से ग्रसित होना बताया है। इनके द्वारा हर माह की 12 से लेकर 20 हजार रुपए तक की दवाइयां आरजीएचएस के माध्यम से सरकारी स्टोर से खरीद की जा रही है।

इसमें एक लाभार्थी सुंदरी देवी के तो बिल और ओपीडी पर्ची को देखकर एजेंसी को शंका है कि उसके बीपी, शुगर की बीमारी है या नहीं? क्योंकि डॉक्टर की लिखी पर्ची पर किसी भी बीमारी या जांच का उल्लेख तक नहीं है। वहीं, एक अन्य लाभार्थी मीरा देवी की पहले की पर्चियों में तो किसी भी बीमारी का उल्लेख नहीं है, लेकिन बाद की पर्चियों में हाई-ब्लडप्रेशर का उल्लेख है।

### 7 दिन में जांच करके रिपोर्ट देने के आदेश

आरजीएचएस पीडी ने ड्रग कंट्रोलर से इन सभी दुकानों की जांच 7 दिन में करके देने के निर्देश दिए हैं। आपको बता दें कि इसी महीने ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने आरजीएचएस के तहत गड़बड़ी करने के मामले में प्रदेशभर की 60 से ज्यादा मेडिकल दुकानों पर कार्रवाई की थी। इसमें 30 दुकानों के लाइसेंस को आजीवन के लिए रद्द कर दिए थे।

# आरटीओ इंस्पेक्टर के पास मिले 15 घर-प्लॉट और दुकान

## 7 बैंक में करोड़ों का लेनदेन मिला,एसीबीने 6 ठिकानों पर मारी रेड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एंटी करप्शन ब्यूरो(एसीबी) की छापेमारी में सिरोही परिवहन निरीक्षक(आरटीओ इंस्पेक्टर) सुजानाराम चौधरी करोड़ों का आसामी निकला है। सिरोही, माउंट आबू, जालोर, जोधपुर और भीनमाल में हुई रेड में चौधरी के पास आय से 2 गुना संपत्ति मिली है। वहीं, 15 से ज्यादा प्रॉपर्टी (आवासीय/व्यवसायिक मकान/दुकान/भूखण्ड) मिली हैं। इसके साथ ही 7 बैंकों में करोड़ों रुपए का लेन-देन भी मिला है। उसके खाते में 12 लाख रुपए बैलेंस भी है। एसीबी की एक दर्जन से अधिक टीमें आरटीओ के आरोपी इंस्पेक्टर के ठिकानों पर सर्च में जुटी है। खास बात यह है कि सुजानाराम चौधरी के कारनामों का कुछ दिनों पहले दैनिक भास्कर ऐप ने पूरे सबूतों के साथ खुलासा किया था।

**2.50 करोड़ की संपत्तियों का**



**पता चला**

एसीबी सूत्रों के मुताबिक, सिरोही के परिवहन निरीक्षक (आरटीओ इंस्पेक्टर) सुजानाराम चौधरी पुत्र रेखाराम चौधरी पर कार्रवाई की जा रही है। एसीबी मुख्यालय को शिकायत मिली थी कि परिवहन निरीक्षक सुजानाराम चौधरी ने राजकीय सेवा में नियुक्त होने से अब तक 201 प्रतिशत ज्यादा संपत्ति बना ली है। एसीबी की ओर से गोपनीय सत्यापन में इसकी पुष्टि हुई।कर्मचारी हाथ में डंडे लिए खड़े रहते थे। ट्रक ड्राइवर निकलने की कोशिश करता तो लाइट और कांच तोड़ देते थे। अवैध वसूली का ये खेल इतना बड़ा है कि गुजरात से राजस्थान आते-आते एक ट्रक चालक से अलग-अलग नाकों पर 5 से 8 हजार रुपए वसूल लिए जाते थे।पूरा खेल कोडवर्ड से चलता था। जितने रुपए वसूलते थे, लिफाफे पर उतने ही गोले लगा देते हैं, ताकि आगे वालों को मैसेज मिल पाए- पैसे लेने हैं या नहीं?

# आमेर, नाहरगढ़, जल महल हेलिकॉप्टर से देख सकेंगे-6999 रुपए में उड़ान भर सकेंगे लोग, पहले दिन 80 साल की महिला का सपना पूरा हुआ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में एक बार फिर हेलिकॉप्टर राइड की शुरुआत की गई है। इसके पहले दिन शनिवार को प्रदेशभर से लोग जयपुर की खूबसूरती को निहारने के लिए पहुंचे। इस दौरान जयपुर के 3 साल के सारांश और 80 साल की सजना देवी भी हेलिकॉप्टर में बैठीं। दरअसल, पिंकसिटी में तीज महोत्सव के मौके पर ऐवन हेलिकॉप्टर्स प्राइवेट लिमिटेड ने राइड की शुरुआत की है। 27 जुलाई तक चलने वाली इस स्पेशल राइड में सफर कर पर्यटक ऐतिहासिक तीज महोत्सव, जयपुर के प्रमुख पर्यटक स्थल



और मानसून में अरावली की खूबसूरती का एरियल व्यू निहार सकेंगे। इस राइड की फीस 6999 रुपए से शुरू है।

**सजना का सपना हुआ पूरा**

ऐवन हेलिकॉप्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी सोहन सिंह नाथावत ने बताया- पहली बार मानसून में हेलिकॉप्टर राइड की शुरुआत की गई है। पहले ही दिन प्रदेशभर से हर उम्र के लोग पहुंचे। इनमें सजना देवी सबसे उम्र दराज थी। सजना देवी अपना सपना पूरा करने के लिए हेलिकॉप्टर में बैठने जयपुर आई थीं। अब कल भी जॉय राइड जारी रहेगी। इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से बुकिंग करवाई जा सकती है।

**प्रत्येक पैसेंजर का 1 करोड़ का इंश्योरेंस**

सोहन सिंह ने बताया कि हम बेल 407 हेलिकॉप्टर से जॉय राइड करवा रहे हैं। यह सिंगल इंजन कैटेगरी में सबसे सुरक्षित हेलिकॉप्टर है।

# नवी मुंबई में गूगल मैप ने गलत रास्ता बताया-ऑडी कार खाड़ी में गिरी; कार चला रही महिला को सुरक्षा कर्मियों ने बचाया

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** नवी मुंबई के बेलापुर में गूगल मैप के गलत रास्ता बताने के कारण एक ऑडी कार खाड़ी में गिर गई। घटना शुक्रवार-शनिवार रात करीब 1 बजे हुई। कार चला रही महिला उल्वे की ओर जा रही थी।बेलापुर में गूगल मैप ने महिला को पुल के नीचे का रास्ता बताया। महिला ने मैप देखते हुए पुल के ऊपर जाने की बजाय नीचे का रास्ता पकड़ लिया। नतीजतन, उसकी कार सीधे धुवतारा जेट्टी से



खाड़ी में गिर गई।समुद्री सुरक्षा पुलिस ने कार को खाड़ी में गिरते हुए देख लिया। वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि महिला पानी में बह रही थी। इसके बाद रेस्क्यू बोट और गश्ती टीम की मदद से महिला को बचाया गया।

1. 9 जून, 2025: यूपी के महाराजगंज में फ्लाईओवर से लटक गई कार

उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में गूगल मैप के बताए रास्ते पर आगे बढ़ने के कारण एक कार अधूरे फ्लाईओवर से नीचे लटक गई थी। इस हादसे में कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। हादसा महाराजगंज जिले के गोरखपुर-सोनौली नेशनल हाईवे स्थित भैया फरेंदा में निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर हुआ। फ्लाईओवर का काम अधूरा था, लेकिन गूगल मैप में पूरा रास्ता दिख रहा था।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बूंदी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नीमबाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# टीबी हारेगा देश जीतेगा की तर्ज पर जन जागरूकता रैली का हुआ भव्य आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ ( नि.स. )।** हमारे गांव टीबी ना पसारे पांव थीम पर टीबी रोग जागरूकता कैंपेन के अंतर्गत आज दिनांक 26 जुलाई 2025 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय सिंगला, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर साक्षी मेहता और ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल के निर्देशन में शहीद भगत सिंह डिफेंस अकैडमी सूरतगढ़ के द्वारा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसटीएलएस अश्विनी वर्मा ने कहा कि टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीबी रोग के बारे में जागरूक करना है और जिनको लंबे समय से खांसी आ रही है, बुखार रहता है, लगातार वजन कम हो रहा है या रात को पसीना आता है उनको सीबी नॉट टेस्ट के लिए उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ में भेजें ताकि उनका समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज शुरू किया जा सके। राज्य सरकार द्वारा टीबी मरीजों को प्रतिमा?1000 का भुगतान किया जा रहा है ताकि वह पौष्टिक आहार ले सके इसके अलावा निक्षय मित्र बनाकर पौष्टिक आहार किट का वितरण भी टीबी मरीजों को किया जा रहा है। इस मूहिम में आप सभी शामिल हो सकते हैं। इस अवसर पर एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा ने कहा कि हमें टीबी रोग की समय पर जांच करवा कर इलाज शुरू करवाना चाहिए और चिकित्सक के दिशा निर्देशों अनुसार दवाइयां का सेवन करना चाहिए ताकि टीबी को हराया जा सके और देश को जिताया जा सके। टीवबी के मरीज समय अनुसार दवाइयां लेकर पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। यह एक संक्रामक बीमारी है इसलिए विशेष सावधानियां बरतने की आवश्यकता रहती है इन सावधानियों का ध्यान रखते हुए अगर हम दवाई लेते हैं तो जल्द से जल्द स्वस्थ लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में लैब सुपरवाइजर एवं एसटीएस करनैल सिंह द्वारा शहीद भगत सिंह डिफेंस अकादमी के कोच सलीम अली तथा भवानी सिंह का आभार व्यक्त किया गया।

# कारगिल विजय दिवस पर द बोहराज ग्लोबल स्कूल में सैनिकों का सम्मान कर वीर शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** महुवा महुवा उपखंड मुख्यालय के रामगढ़ रोड स्थित द बोहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस पर युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों का माला साफा पहनाकर सम्मान किया गयाविद्यालय निदेशक विनय बोहरा ने इस दौरान माँ भारती की रक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर वीर शहीद सैनिकों के बलिदान को सादर नमन करते हुए पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा किकारगिल विजय दिवस हमें देश की सीमाओं की सुरक्षा में शहीद हुए जांबाज रत्नों के अदम्य साहस, वीरता व बलिदान की याद दिलाता है, इस दिन हम सभी भारत की अखंडता को बरकरार रखने का संकल्प लें, यही कारगिल के युद्ध में शहीद हुएअमर वीर सैनिक सपूतों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।इस दौरान कारगिल विजय दिवस के अवसर पर द बोहराज् ग्लोबल स्कूल के प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारी विद्यालय के बच्चों व विद्यालय स्टाफ द्वारा द्वारा वर्तमान मे सेवारत भारतीय सैनिकों तथा भूतपूर्व सैनिकों को आमंत्रित कर उनका माला साफा पहनकर सम्मान किया गया7 विद्यालय के संरक्षक गौ पुत्र अवधेश अवस्थी ने कहा कारगिल विजय दिवस पर विद्यालय मैं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम में भाग लेने वाले भारतीय सैनिको व देश की रक्षा करते हुए वीर शहीदों की वीरांगनाओं सहित उनके परिवारों का सम्मान करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार जो सैनिक भारतीय सशस्त्र बलों मैं अपनी सेवाएं देकर वर्तमान में सेवा निवृत्ति है या सेवाएं दे रहे हैं। उन सभी का सम्मान करना प्रत्येक भारतवासी के साथ आप हम सब का दायित्व बनता है इस अद्वितीय पहल का उद्देश्य उन वीर सैनिकों के परिवारों के प्रति हमारा सम्मान प्रकट करना था, जिनके सदस्य देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान वर्तमान मे सेवारत भारतीय सैनिक हेमंत कुमार ,भूतपूर्व सैनिक अमृत सिंह , राजेंद्र सिंह ने विद्यालय मे छात्रों को करगिल युद्ध के बारे में अपने अनुभव से अवगत कराकर छात्रों को कारगिल युद्ध की याद ताजा कर सैनिकों के जीवन की दिनचर्या कार्यों के साथ देश की रक्षा करते हुएबलिदान देने वाले सैनिकों की आंखों देखी घटना से अवगत कराया! इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विनय बोहरा , सह निदेशक विकास बोहरा, संरक्षक गोपुत्र अवधेश अवस्थी, प्रिंसिपल ओपी नागर,पुनीत पांडेय राजेश सिंह ,कॉर्डिनेटर श्वेता नेगी, विषय विभाग अध्यक्ष जितेंद्र, अवनीश गिरवर, मनोज , पीटीआई सुरेंद्र, भूपेंद्र सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य स्टाफ छात्र छात्राएं सहित गणमान्य नागरिकउपस्थित रहे।

# सांसद भजनलाल जाटव ने गंभीर नदी मे बहे पीड़ित के घर पहुंच कर ढांढस बंधाया



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** कटकड़ की गंभीर नदी ओवरफ्लो पुलिया पार करते समय बाइक सहित पानी के ते बहाव के साथ बहने से पिता, पुत्र की मौत होने पर धौलपुर, करौली सांसद भजनलाल जाटव ने शनिवार को पीडीत परिजनों को ढांढस बधाया ।देहात ब्लाक अध्यक्ष योगेन्द्र मावई व पाषर्द एजाज अहमदनरेश गुर्जर ने बताया कि तीन पूर्व कटकड की गंभीर नदी की ओवरफ्लो पुलिया पर पानी के तेज बहाव के साथ बाइक सहित बहने से पिता राजमुद्दीन व पूत्र सोहेल की मृत्यु हो गयीं ।शनिवार को धौलपुर करौली सासंद भजनलाल जाटव ,कार्यकर्ताओं के साथ पीडीत परिवार के घर पहुंचे ।पीडीत परिवार को दुखद घटना को ढांढस बधाया ।मानसिक पीडीत बालिका का राज्य सरकार से एस एम एस मे उपचार कराने की कहीं। इस अवसर पर नरेश सिंह गुर्जर, कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष एजाज अहमद, अंसार अहमद पठान, योगेंद्र मावई, मस्जिद मालिक मुफीद खान, समय सिंह जाटव, सलीम फौजी, राबुद्दीन कुरैशी, नावेद पठान, पूरन जाटव, कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

## रक्तदान शिविर में 111 यूनिट रक्त संग्रहण



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** जाति, धर्म और दलगत राजनीति से परे हटकर गाँव के युवाओं ने कारगिल विजय दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर एक अनूठी मिसाल कायम की। गाँव के जागरूक युवाओं की पहल पर कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर कस्बे के मोहिनी देवी चाचाण राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ पर शहीदों की शहादत को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में आयोजक मंडल टीम ने साहवा के शहीद कमल कुमार के पिता धर्मेंद्र धीधवाल और रैयाटुंडा के शहीद कृष्ण कुमार सहारण के परिजनों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। शिविर में नोहर बल्ड बैंक टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। रक्तदान करने में युवाओं का सुबह से ही जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। सुबह 9 बजे शुरू हुए रक्तदान शिविर में कस्बे सहित आस- पास के ग्रामीण क्षेत्र बनियाला, भाड़ंग, रैयाटुंडा, पुनसीसर आदि गांवों से आए युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। शिविर में कुल 111 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। नोहर बल्ड बैंक टीम प्रभारी नरेंद्र सिहाग के नेतृत्व में टीम सदस्य सुभाष न्यौल, प्रदीप यादव, विकेंद्र, सौरभ आदि ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर वॉलेंटियर रोहिताश सैनी, दारासिंह सोनी, सुनील पारीक कॉमरेड, महेंद्र खान कुम्हार, विद्याधर पारीक, व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान पारीक, शौकीन खान कुम्हार, नवल दुदानी, गुरुदत्त सिंह ढाका, संजय भलुडिया, प्रमोद उपाध्याय, पर्वत सिंह, अमरसिंह सैनी, अंकित शर्मा, कैलाश ख्यालीराम पारीक, रामनिवास खाती, सुभाष उपाध्याय, संदीप शर्मा, संदीप खेरवा, राकेश सैनी, हंसराज भांभू, योगेश सांकरोत, गिरधारी लमानी, रमेश गुरड़ा, रामावतार जोशी, राकेश कस्वां, विजेंद्र जोशी, बैंक मैनेजर महावीर भांभू सहित युवाओं की टीम ने रक्तदान शिविर आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सोजतिया ज्वैलरी फेस्ट : बजटीय ज्वैलरी खरीदने उमड़ी भीड़

## ग्राहकों ने जितना सोना खरीदा उतनी ही चांदी मुफ्त पायी, सोजतिया ज्वैलरी फेस्ट अब 4 दिन और



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सोजतिया ज्वेलर्स शोरूम पर चल रहा 11 दिवसीय सोजतिया ज्वैलरी फेस्ट ग्राहकों को अपने बजट अनुसार ज्वैलरी मिलने के कारण सोजतिया ज्वेलर्स पर भीड़ उमड़ पड़ी। ग्राहकों को सोजतिया ज्वेलर्स की यह योजना काफी पसन्द आयी जितना सोना खरीदोगे उतनी ही चांदी मुफ्त मिलेगी और उसका ग्राहकों ने पूरा लाभ उठाया। ज्वैलरी फेस्ट अब अंतिम 4 दिन और है। प्रो रणजीत सिंह सोजतिया ने बताया कि सोजतिया ज्वेलर्स पर मेंकंग चार्ज भी काफी कम है। फेस्ट में कम वजन वाली ज्वैलरी में भी बहुत सी डिजाईन उपलब्ध है। इस फेस्ट का उद्देश्य न सिर्फ ग्राहकों को उम्दा ज्वैलरी उपलब्ध कराना है, बल्कि पारंपरिक शिल्पकला को भी जन-जन तक पहुंचाना है। एंटीक, कुंदन, मीना और कलकती कलेक्शन को ग्राहकों द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है। डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि फेस्ट में जड़ाऊ पोलकी का नायाब कलेक्शन पेश किया गया है, जिसे देखकर ग्राहक एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस फेस्ट में खरीदी गई सोने की ज्वैलरी के वज़न के बराबर शुद्ध चांदी का सिक्का मुफ्त दिया जा रहा है।

# ऐश्वर्या कॉलेज ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ऐश्वर्या कॉलेज ने कारगिल विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर छात्रों ने टाउन हॉल स्थित शहीद स्मारक पर जाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, साथ ही कॉलेज में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने कारगिल विजय दिवस के महत्व और भारतीय सेना की वीरता और शौर्य को प्रदर्शित किया इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रेखा शर्मा ने कहा कारगिल विजय दिवस हमें भारतीय सेना की वीरता, शौर्य और बलिदान की याद दिलाता है। यह दिन हमें राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर हर्षित देवरा, नवृतिका,मनोज,वैभव,रेणुका, प्रीति, मनीषा व अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पुष्कर विधायक एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बीर में फूल सागर तालाब किया का निरीक्षण

## ग्रामीण जल संसाधनों के संरक्षण और विकास को लेकर सतत प्रयासरत हैं मंत्री रावत



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक श्री सुरेश सिंह रावत ने शनिवार को अजमेर जिले के ग्राम बीर स्थित फूल सागर तालाब का दौरा कर तालाब की वर्तमान स्थिति, जल भराव, और आवश्यक विकास कार्यों का मौका निरीक्षण किया। मंत्री श्री रावत ने तालाब की परिधि, जलस्तर, जल निकासी व्यवस्था और तटबंधों की स्थिति की समीक्षा की। मंत्री श्री रावत ने बताया कि ग्राम बीर के फूल सागर तालाब का ऐतिहासिक और पर्यावरणीय महत्व है। पुष्कर विधानसभा में अरावली की पहाड़ियों के मध्य स्थित विशालकाय बीर सरोवर की छटा देखते ही बनती है। इस तालाब का संरक्षण न केवल जल संकट का समाधान करेगा, बल्कि जैव विविधता और स्थानीय आजीविका के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत अप्रैल में इस सरोवर की सफाई, गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण हेतु आवश्यक कार्य करवाये गए थे। प्रभु कृपा से प्रदेश में अच्छे मानसून के साथ लबालब भरा यह सरोवर अब अपने अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के साथ मुस्कुराता हुआ प्रतीत हो रहा है। वन्दे गंगा अभियान के अंतर्गत किये गए कार्यों पर संतुष्टि का अनुभव हुआ। स्थानीय ग्रामीणों ने मंत्री जी का आभार जताया कि मंत्री श्री रावत ने स्थल पर आकर इतनी गंभीरता से निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अर्जुन सिंह रावत, बद्री गुर्जर, संपत रावत, फतेह रावत सहित पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम विकास समिति सदस्य और अनेक ग्रामीणजन

# रोटरी क्लब दृष्टि व सखी क्लब मितवा सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब दृष्टि व सखी क्लब मितवा सोसायटी द्वारा आज सिक्ख कोलोनी स्थित सचखण्ड दरबार में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 90 यूनिट रक्तदान किया गया। क्लब संरक्षक डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि यह कार्यक्रम चेयरपर्सन रवींद्र पाल सिंह अरोड़ा व एडवोकेट आयुष अरोड़ा के सौजन्य से आयोजित हुआ। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष विक्रमादित्यसिंह कृष्णावत, सचिव मोहित राजानी सहित अनेक क्लब सदस्यों ने रक्तदान में सहयोग कर दूसरे के लिये प्रेरणा बने। डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि रक्तदान से हम समाज को मजबूत करनें का प्रयास करते है। हमें रक्तदान को अधिकाधिक करना चाहिये। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे। डॉक्टर्स, मेडिकल स्टाफ और गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सखी क्लब मितवा सोसायटी की अध्यक्ष नीतू सरूपरिया ने बताया कि क्लब की अनेक सखियों ने इस शिविर में भाग लिया। जिसमें संरक्षक सुनीता मोदी, सहित अनेक सदस्याओं ने रक्तदान किया। शिविर में संरक्षक मंजू सिंघटवाड़िया, निधि कुम्भट, तोशी कालरा, रंजना चौधरी सहित अनेक सखियां मौजूद थी।

# संदिग्ध परिस्थितियों से विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

## पीहर पक्ष ने दहेज को लेकर हत्या करने का मामला दर्ज कराया



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** गांव सिकरौदा मे शुक्रवार की रात्री 11बजे के करीब अज्ञात कारणों से कमरे मे फांसी का.फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची सदर पुलिस ने पीहर पक्ष के साथ शव को लेकर शनिवार को राजकीय जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया, दोनों पक्षों की मौजूदगी मे मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया,मृतका के पिता ने दहेज को लेकर हत्या का मामला दर्ज कराया है। सदर थाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि गावं सिकरौदा मीना मे शुक्रवार की रात्री अज्ञात कारणों से कमरे मे चुन्नी से फांसी का फंदा लगाकर कर आत्महत्या कर ली। पीहर पीहर पक्ष की सूचना पर शनिवार को सुबह शव को कब्जे मे लेकर राजकीय जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया। पीएमओ पुष्पेंद्र गुप्ता ने मैडिकल ज्यूरिष्ट डा.ओ.पी.मीना,डा.नीतीन बंसल, डा.अजय गुप्ता से पोस्टमार्टम कराया। सिंघान निवासी पिता अमरसिंह मीना ने दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का मामला दर्ज कराया हैं।

# करगिल विजय दिवस समारोह मनाया

**उदयपुर (नि.स.)।** यूनिवर्सिटी रोड स्थित ए वन सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेंआज 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस को बड़े ही उत्साह जोश व धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों से लेकर सीनियर क्लास के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक नाटक कविता डांस आदि तरह-तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी बच्चों में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ऑपरेशन सिंदूर और कश्मीर हत्या कांड तथा बेटी बचाओ विषय पर कार्यक्रम रहा । इन कार्यक्रमों को देखकर सभी अध्यापक अध्यापिकाएं छात्र एवं अभिभावक इमोशनल हो गये व अपने आंसू रोक नहीं पाए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती ज्योति खमेसरा ने इस अवसर पर कहा कि कारगिल में हुए शहीदों के बलिदान का जिक्र किया और हमें भी उनकी तरह अपने समाज देश और लोगों के हित में कार्य करने हेतु प्रेरणा दी विद्यालय संस्थापक डॉक्टर एम एल चांगवाल ने बच्चों की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा उन्हें विजय कारगिल दिवस के विषय में समझाया कि किस प्रकार से हमारे देश के वीर जवानों नेअपने जान की बाजी लगाकर दुश्मनों को मार भगाया तथा हिमालय पर विजय पताका फहराया ।

# विद्यालय एवं आंगनबाड़ी भवनों लेकर जिला कलक्टर ने जारी किये विशेष दिशा निर्देश

**जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश के बाद जिलेभर में हुआ सघन सर्वे, फील्ड में उतरे अधिकारी, विद्यालयों-आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को सख्त हिदायत, हर हाल में सुनिश्चित हो विद्यार्थियों की सुरक्षा , किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में तय की जाएगी व्यक्तिगत जिम्मेदारी**

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** मानसून सीजन में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए विद्यालयों एवं आंगबाड़ी केन्द्रों के भवनों को लेकर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश जारी किये हैं। जिसमें अधिकारियों को हर हाल में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सख्त हिदायत दी गई है। दिशा निर्देशों की पालना में लापरवाही एवं किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी।जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी शनिवार को राजकीय अवकाश के दिन फील्ड में उतरे एवं क्षेत्र में संचालित सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अधिकारी जर्जर भवनों की मरम्मत कार्य सुनिश्चित करेंगे साथ ही इस अवधि में वैकल्पिक स्थान पर ऐसे विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन होगा।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समस्त विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों एवं जर्जर मकानों का सघन सर्वे कर क्षतिग्रस्त एवं जीर्ण-शीर्ण भवनो को चिन्हित करने व उनको तत्काल वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा साज दिन में जिले में ढीली विद्युत लाइन, कम ऊंचाई पर लगे ट्रांसफार्मर, टेढ़े एवं जर्जर विद्युत पोल इत्यादि को दुरुस्त करवा कर निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप व्यवस्था सुचारू होने का सर्टिफिकेट जारी करवाये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिला कलक्टर ने क्षतिग्रस्त एवं जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित करने के उपरान्त इनका उपयोग बच्चों को बैठाने व अन्य किसी भी गतिविधि में ना हो यह भी सुनिश्चित करने, जीर्ण-शीर्ण पाए गए विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी भवनों से बच्चों को वैकल्पिक एवं सुरक्षित भवन चिन्हित कर उनमें शिफ्ट करवाने, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जीर्ण-शीर्ण भवनों से भी परिवारों को शिफ्ट करवाने, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों में आवागमन के रास्तों को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों एवं पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों को विद्यालय परिसर में जर्जर भवनों, कमरों में विद्यार्थियों को नहीं बैठाने, आस-पास के क्षेत्र को चिन्हित कर ब्लॉक करने, वर्षाकाल में विद्यालय भवन की छतों का नियमित निरीक्षण करने, छतों एवं नालों की सफाई करवाने, भवन की छतों पर जल निकासी सुनिश्चित करने, विद्यालय भवन एवं चारदीवारी की नीवों में पानी न भरे, गड्ढे हो तो तुरंत सूखी मिट्टी से भरवाने तथा विद्यालय परिसर में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं। वहीं, अधिकारियों को विद्यालय के आस-पास नाडी, तालाब होने की स्थिति में सुस्पष्ट एवं सदृश्य चेतावनी बोर्ड लगवाने, विद्यालय परिसर या उसके आस पास खुले कुएं, बोरवेल, टांके, टैंक इत्यादि खुले हो तो उन्हें तुरन्त बन्द करवाने, विद्यालय कमरों की दिवारों के बिलकुल पास पेड़-पौधे न लगाने, विद्यालय परिसर में विद्युत पोल ना हो, बिजली के तार खुले ना छोड़ने एवं तुरन्त मरम्मत करवाने के साथ-साथ अतिवृष्टि होने पर विद्यार्थियों हेतु अवकाश रखने की स्थिति में उच्च अधिकारियों एवं अभिभावकों को सूचित करने के लिए निर्देशित किया है।

## पांचवा वार्षिक उत्सव का विशाल भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**551 महिलाओं ने निकाली विशाल कलश यात्रा**



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के वार्ड 7,ढाणी दीपावली में पांचवा वार्षिक उत्सव का विशाल भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसने क्षेत्र में धार्मिक उत्साह औरसामाजिक एकता की एक नई मिसाल पेश की। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा निकाली गई विशाल कलश यात्रा रही, जिसमें 551 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर अपनी आस्था का प्रदर्शन किया।यह कलश यात्रा ढाणी दीपावली के शिव मंदिर से शुरू होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों,आदर्श नगर और लक्ष्मी नगर से होती हुई निकली। धार्मिक धुनों और %जय घोष% के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा, जिससे शहर में भक्तिमय माहौल बन गया।कलश यात्रा के समापन के बाद, एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने %पंगत प्रसादी% ग्रहण की। आयोजन स्थल पर धर्म प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जो इसकार्यक्रम की सफलता का प्रमाण था।इस अवसर पर एक रंगारंग

सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया,जिसमें कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।भक्ति गीतों और लोक नृत्यों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।म्हासी प्रकाश ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना है, और यह हर वर्ष किया जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्षेत्रवासियों का विशेष सहयोग रहा,जिसने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

## श्री जयसिंह गौशाला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित श्री जयसिंह गौशाला में शनिवार को गौषाला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी के आम चुनाव पर चर्चा करते हुये गौशाला की भूमि पर अवैध लोगों द्वारा किये गये कब्जे के खिलाफ जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। कार्यकारिणी के चुनाव आगामी 17 अगस्त को किये जाने पर सहमति जताई गई। वहीं जिला कलक्टर को ज्ञापन सांपा गया। जिस पर जिला कलक्टर एवं विधायक हंसराज पटेल द्वारा शीघ्र कार्यवाही का आष्वासन दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष सुरेष पायोनियर, उपाध्यक्ष रोहिताष सैनी, महामंत्री नन्दलाल जोषी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता, पार्षद मनोज गौड़, महेन्द्र, ओमप्रकाष सारस्वत, जुगल शर्मा, राजू पायला, घनश्याम अथोनिया, दिनेश सिंह राठौड़ समेत अन्य मौजूद रहें।

## हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान

**जेडीए हरियाली तीज पर लगाएगा 25 हजार पौधें**

बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा हरियाली तीज के अवसर पर 27 जुलाई 2025 को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जाएगा।

जेडीसी आनंदी ने बताया कि इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय भजनलाल शर्मा एवं माननीय नगरीय विकास मंत्री महोदय श्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व एवं निर्देशन में हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत जेडीए द्वारा एक ही दिन में विभिन्न स्थानों पर लगभग 25 हजार पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।

जेडीसी ने बताया कि इस अभियान के तहत निम्नलिखित स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा

1. द्रव्यवती नदी के किनारे - 5000 पौधे
2. एच.टी. लाइन नारायण विहार - 5000 पौधे
3. राजस्थान विश्वविद्यालय केम्पस में अर्जुन वाटिका - 551 पौधे
4. स्वपन लोक आवासीय योजना - 2500 पौधे
5. सीआरपीएफ केम्पस नायला कानोता - 5000 पौधे
6. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नांगल, सांगानेर केम्पस - 4000 पौधे
7. ग्राम पंचायत कांदेडा, चाकसू के सरकारी परिसर - 2000 पौधे

जिसके अंतर्गत विशेष रूप से राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में एक बारीय वृक्षारोपण के अंतर्गत 551 अर्जुन के 10 फीट ऊंचाई के पौधों का एक साथ रोपण कर अर्जुन वाटिका का निर्माण किया जाएगा।

पौधारोपण के पश्चात सभी पौधों का विवरण हरियालो राजस्थान एप पर अपलोड किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जेडीए की प्रतिबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।यह अभियान राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षक एवं हरित क्षेत्र के विस्तार की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सरकारी विद्यालय सिरस के भवन की मरम्मत करवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

सिरस। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के भवन की मरम्मत करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी व उपखंड अधिकारी के नाम विद्यालय प्रधानाचार्य कविता पूनिया को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि विद्यालय भवन के कई कक्षा कक्ष लगभग 80 वर्ष पुराने हो चुके हैं। जिससे बरसात में उनकी छते लगातार टपकने व दीवारों में सीलन आने से कभी भी बडा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। छत टपकने के कारण विद्यालय की कक्षाओं की छुट्टियां भी करनी पड़ रही है। जिससे छात्रों की पढ़ाई व समय का नुकसान हो रहा है। समय पर भवन की मरम्मत नहीं हुई तो यहां भी झालावाड़ जिले के विद्यालय में हुए हादसे की तरह हो सकता है। ज्ञापन देने वालों में मुकेश प्रजापत, रामअवतार जांगिड़, कमलेश शर्मा, भेरूलाल बैरवा, सुवालाल वर्मा, प्रेम बैरवा, गिरिराज, भागचंद, ईशाक, रामदयाल व रामनिवास सहित कई लोग मौजूद थे।

## हीरापुरा पावर हाउस पर जबरन बस शिफ्टिंग के विरोध में प्रदेशव्यापी चक्का जाम

**आल राजस्थान कांट्रैक्ट बस कैरिज बस ऑपरेटर्स का आरोप,हीरापुरा में न तो पार्किंग,न वेटिंग एरिया और न ही पर्याप्त यात्री सुविधाएँ**

बढ़ता राजस्थान



जयपुर,(का.स.)। हीरापुरा बस स्टैंड से बस संचालन शुरू होने से पहले ही इसका विरोध तेज हो गया है। हीरापुरा पावर हाउस (कमला नेहरू नगर) पर प्राइवेट बसों के जबरन स्थानांतरण के विरोध में राजस्थान स्तर पर चक्का जाम की घोषणा आल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन जयपुर की ओर से की जा रही है हो चुकी है। इसमे परिवहन विभाग द्वारा कमला नेहरू नगर (हीरापुरा पावर हाउस) पर प्राइवेट स्लीपर बसों को जबरन स्थानांतरित करने के विरोध में प्रदेशभर की सभी बस यूनियनों के सहयोग से चक्का जाम आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई है।

आल राजस्थान कांट्रेक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा का कहना है कि आरटीओ प्रशासन की ओर से एक अगस्त से सिंधी कैंप बस स्टैंड से अजमेर रूट की सभी प्राइवेट और रोडवेज बसों को हीरापुरा शिफ्ट करने के आदेश के खिलाफ के चलते एक हजार से ज्यादा स्लीपर और प्राइवेट बस ऑपरेटरों ने हड़ताल शुरू कर दी है। आल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन जयपुर और अन्य संगठनों ने साफ कह दिया है कि वे किसी भी हालत में हीरापुरा से बसें नहीं चलाएंगे।

आल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन जयपुर के महामंत्री प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि सिंधी कैंप से हीरापुरा की दूरी ज़्यादा होने से यात्रियों को काफी असुविधा होगी।

इसके अलावा हीरापुरा में पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर, वेटिंग एरिया, पार्किंग और यात्रियों के बैठने तक की सुविधा नहीं है। वहीं रात में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा भी नहीं है। साथ ही ओला-उबर वाले एक हजार तक वसूली करेंगे। इतना तो बस किराया नहीं होता।वहीं किसी महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ और अनहोनी हो गई तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

बस ऑपरेटर्स का कहना है कि परिवहन विभाग की यह कार्यवाही एकतरफा और बिना वैकल्पिक व्यवस्था के की जा रही है। इस निर्णय में व्यवहारिकता और संवाद की पूरी तरह अनदेखी की गई है।

गौरतलब है कि लंबे समय से हीरापुरा बस स्टैंड का विरोध किया जा रहा है। वही राज्य में रोडवेज की केवल 3050 बसें ही संचालित हो रही हैं और एक हजार स्लीपर बस ऑपरेटर हड़ताल पर है। ऐसे में निजी बसों की हड़ताल से आम यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। इसके अलावा रविवार को होने वाली लाइब्रेरियन परीक्षा के 80 हजार अभ्यर्थियों के सामने संकट खड़ा हो गया है। वहीं रोडवेज की मात्र 3050 बसें पूरे प्रदेश में चल रही हैं, जो यात्री भार उठाने के लिए नाकाफी है। वहीं राज्य सरकार के निर्णय के विरोध में बस ऑपरेटर्स का आंदोलन गहराता जा रहा है। यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला तो यह विरोध आंदोलन लंबे समय तक परिवहन व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है।

## मिशन 'हरियालो राजस्थान':मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा हरियाली तीज पर 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का जयपुर के मदाऊ में करेंगे शुभारंभ

**प्रदेशभर में एक दिन में लगाए जाएंगे ढाई करोड़ पौधे , मुख्यमंत्री सीकर के मंडावरा में वृक्षारोपण एवं वन महोत्सव कार्यक्रम में भी होंगे शामिल**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पण भाव के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार ने मिशन 'हरियालो राजस्थान' के तहत प्रदेश में 5 वर्ष में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।



पिछले वर्ष हरियाली तीज पर एक दिन में 2 करोड़ पौधे लगाकर मिशन 'हरियालो राजस्थान' का शुभारंभ किया गया था और कुल 7 करोड़ पौधे लगाए गए थे। इस वर्ष भी प्रदेश को हरा-भरा बनाने के लिए 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 27 जुलाई (रविवार) हरियाली तीज के पावन अवसर पर 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। जयपुर के मदाऊ ग्राम (भांकरोटा) स्थित जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण कर मातृ वन की स्थापना करेंगे। इस दौरान ड्रोन के माध्यम से बीजारोपण भी किया जायेगा। श्री शर्मा इस अवसर पर वन विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। मुख्यमंत्री इसके साथ ही वन एवं वन्य जीव सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को अमृता देवी पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, पर्यावरण प्रेमी, वन सुरक्षा एवं प्रबंध समिति के सदस्य, गैर-सरकारी संगठनों, निजी संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों सहित एन.सी.सी व स्कॉउट कैडेट्स, विद्यार्थी तथा आमजन उपस्थित रहेंगे।

इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा सीकर जिले के ग्राम मंडावरा (धोद) में वृक्षारोपण एवं वन महोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों में भी जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। हरियाली तीज के अवसर पर राज्य में एक दिन में 2 करोड़ 50 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है।

## डॉक्टरेट मानद उपाधि प्राप्ति पर समाज अध्यक्षों ने प्रवक्ता रामकरण यादव का किया अभिनंदन

**समाजिक सरोकार व्यक्तित्व विकास का एक श्रेष्ठ आइना - डॉ खातोदिया**

बढ़ता राजस्थान



कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। हाल ही डॉक्टरेट मानद उपाधि से विभूषित प्रवक्ता रामकरण यादव अवार्डी निवासी पवाना अहीर का समाज अध्यक्षों द्वारा अभिनंदन किया गया। यादव समाज जिला जयपुर देहात अध्यक्ष डॉ जगदीश खातोदिया, जयपुर शहर अध्यक्ष रामचंद्र मेहता, शाहपुरा तहसील अध्यक्ष रामपाल बिछवालिया, सामुहिक विवाह समिति अध्यक्ष एवं पूर्व समाज अध्यक्ष सरदार सिंह चोरिया, श्री कृष्ण उत्थान संस्था अध्यक्ष लालचंद चोरिया, भगवान सहाय राबड सरपंच रायथल, मांगीलाल खातोदिया टीआरए, भीम सिंह ठोठवाल कोषाध्यक्ष चोम द्वारा प्रवक्ता यादव का माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। धर्मसिंह यादव रॉयल एनफील्ड मोटर्स एवं समाज अध्यक्ष डॉ जगदीश खातोदिया ने कहा कि समाजिक विकास से सरोकार रखते हुए अपनी भूमिका निर्वहन करना श्रेष्ठ व्यक्तित्व की पहचान होती है। इससे पूर्व गिरधारी लाल यादव गुरूजी पूर्व समाज अध्यक्ष कोटपूतली के नेतृत्व में रॉयल एनफील्ड मोटर्स धर्मसिंह यादव सरपंच (घासीपुरा) जिला उपाध्यक्ष यादव समाज जयपुर देहात के पूतली कट कार्यालय पर नवनिर्वाचित समाज अध्यक्षों डॉ जगदीश खातोदिया, रामपाल बिछवालिया, रामचंद्र मेहता, सरदार सिंह चोरिया, लालचंद चोरिया, भगवान सहाय राबड सरपंच, भीम सिंह ठोठवाल, मांगीलाल खातोदिया टीआरए आदि सहित उपस्थित सभी समाज प्रतिनिधियों का माल्यार्पण व राजस्थानी साफ़ा पहनाकर कर सम्मान अभिनंदन किया गया। धर्मसिंह यादव रॉयल एनफील्ड मोटर्स व गिरधारी लाल यादव गुरूजी ने सभी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# इग्नू के नए अध्ययन केंद्र एलएससी-23198 का पारीक कॉलेज में उद्घाटन समारोह आयोजित

**शिक्षा के क्षेत्र में पारीक कॉलेज का नाम सबसे ऊपरः विधायक डॉ. गोपाल शर्मा , कॉलेजों के कॉलेज का नाम पारीक महाविद्यालय हैं- डॉ. शर्मा, पढ़ाई में फोकस जरूरी, एनईपी में इग्नू की महत्वपूर्ण भूमिकाः डॉ. त्रिभुवन शर्मा**

बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बनीपार्क में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के नए अध्ययन केंद्र एलएससी-23198 का उद्घाटन समारोह शनिवार को कॉलेज परिसर के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिविल लाइन विधायक और राजस्थान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य डॉ. गोपाल शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी एंड एनिमल साइंसेज, जोबनेर जयपुर और बृज यूनिवर्सिटी भरतपुर के कुलगुरू प्रो. (डॉ.) त्रिभुवन शर्मा, इग्नू क्षेत्रीय केंद्र जयपुर की सीनियर रीजनल डायरेक्टर डॉ. ममता भाटिया और इग्नू क्षेत्रीय केंद्र जयपुर की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. इंदू रवि, इग्नू क्षेत्रीय केंद्र जयपुर के असिस्टेंट रीजनल डायरेक्टर डॉ. राममूर्ति मीणा व डॉ. शेर सिंह भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एसएसजी पारीक कॉलेज एवं संबंध शिक्षण संस्थान के सचिव लक्ष्मीकांत पारीक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अब और भी बेहतर शिक्षा का माध्यम मिलेगा। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने मिलकर सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन



किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पारीक महाविद्यालय आज के कॉलेज का कॉलेज है, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं और यहां पर विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस कॉलेज की स्थापना उसे समय हुई थी, जब प्रदेश में नाम मात्र के कॉलेज थे। शिक्षा के क्षेत्र में इग्नू की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस अध्ययन केंद्र के उद्घाटन से हमारे क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त होंगे।

अध्ययन केंद्र के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा की

इस मौके पर कॉलेज प्रबंध कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष बुद्धि प्रकाश पारीक, सदस्य रितेश पारीक, एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्य और केंद्र की एचओडी प्रो. (डॉ.) प्रमिला दुबे ने अध्ययन केंद्र के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनएम शर्मा, एसएसजी पारीक गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य डॉ. विजयलक्ष्मी पारीक, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज गंगापोल के प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पारीक और आरटीओ इंस्पेक्टर महेंद्र मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग और प्रबंध कार्य करने के सदस्य उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# चोल सम्राट राजेन्द्र प्रथम को लेकर भाजपा और द्रमुक में क्यों हो रही है खींचतान?

मो सबसे पहले रामेश्वरम की बात करें तो आपको बता दें कि यह स्थल रामायण और श्रीराम से जुड़ा है जोकि धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व रखता है। प्रधानमंत्री का वहां जाना दक्षिण भारत में हिंदू आस्था के प्रमुख केंद्रों को सशक्त करने का प्रयास माना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्राओं में एक स्पष्ट रणनीतिक और सांस्कृतिक संदेश छिपा हुआ होता है। ऐसा ही संदेश प्रधानमंत्री की तमिलनाडु यात्रा में भी छिपा है। हम आपको याद दिला दें कि इस साल अप्रैल में श्रीलंका से लौटते समय प्रधानमंत्री सीधे रामेश्वरम पहुँचे थे और अब मालदीव से लौटते समय सीधे तमिलनाडु के तूतीकोरिन और त्रिची आ रहे हैं, जहाँ वह चोल सम्राट राजेन्द्र प्रथम की जयंती उत्सव और आदि तिरुवाथिरै महोत्सव में भाग लेंगे। यह यात्रा केवल धार्मिक या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उपस्थिति भर नहीं है, बल्कि तमिलनाडु और दक्षिण भारत की राजनीति में एक बड़ा संकेत है।

सबसे पहले रामेश्वरम की बात करें तो आपको बता दें कि यह स्थल रामायण और श्रीराम से जुड़ा है जोकि धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व रखता है। प्रधानमंत्री का वहां जाना दक्षिण भारत में हिंदू आस्था के प्रमुख केंद्रों को सशक्त करने का प्रयास माना गया। वहीं त्रिची में चोल सम्राट राजेन्द्र प्रथम की जयंती उत्सव में प्रधानमंत्री की उपस्थिति तमिल गौरव और चोल इतिहास को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने का संदेश देती है। यह दिखाता है कि केंद्र सरकार तमिल संस्कृति और इतिहास को भारतीय सभ्यता के अभिन्न अंग के रूप में प्रस्तुत कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्राएँ यह संदेश देती हैं कि तमिलनाडु का इतिहास और संस्कृति राष्ट्रीय गौरव का हिस्सा है, न कि उससे अलग। चोल सम्राट राजेन्द्र प्रथम जैसे ऐतिहासिक नायकों को राष्ट्रीय विमर्श में लाना, छ्रस्न्ध के तमिल गौरव के नैरेटिव को चुनौती देने की कोशिश भी है। इसके अलावा, त्रिची यात्रा के साथ-साथ प्रधानमंत्री तमिलनाडु के तूतीकोरिन में ?4,800 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी कर रहे हैं। इससे यह संदेश जाता है कि सांस्कृतिक गौरव और आर्थिक प्रगति एक-दूसरे के पूरक हैं। भाजपा इस संतुलन को दिखाकर तमिलनाडु की जनता को यह विश्वास दिलाना चाहती है कि केंद्र सरकार क्षेत्रीय विकास और सांस्कृतिक सम्मान दोनों पर ध्यान दे रही है। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री गंगैकोंडाचोलपुरम में सम्राट राजेन्द्र चोल प्रथम की जयंती मनाने और आदि तिरुवाथिरै महोत्सव में शामिल होने के साथ ही राजेन्द्र चोल प्रथम पर एक स्मारक सिक्का जारी करेंगे। यह समारोह चोल साम्राज्य की समुद्री विजय के 1000 वर्ष पूरे होने और गंगैकोंडाचोलपुरम मंदिर के निर्माण की स्मृति में आयोजित हो रहा है।

जहां तक यह सवाल है कि क्यों डीएमके और भाजपा चोल सम्राट राजेन्द्र प्रथम को लेकर आमने-सामने हैं तो आपको बता दें कि भारतीय राजनीति में इतिहास और प्रतीकों का इस्तेमाल नया नहीं है। लेकिन यहां असली सवाल यह है कि आखिर एक हज़ार वर्ष पूर्व के इस महान चोल सम्राट के नाम और योगदान को लेकर इतनी खींचतान क्यों? सवाल यह भी है कि इसके राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मायने क्या हैं?

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान


### 27 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1054 सीरवर्ड, नॉर्थम्ब्रिया के अर्ल, ने स्कॉटलैंड के एक आक्रमण का नेतृत्व किया और स्कॉटलैंड के राजा मैकबेथ को युद्ध के घाट के उत्तर में स्कॉटलैंड के राजा पर हमला किया।
- 1302 बीजान्टिन-ओटोमन युद्धों-ओटोमन सल्तनत ने बिथिनिया के बैबियस युद्ध में बीजान्टिन साम्राज्य के खिलाफ अपनी बड़ी जीत दर्ज की।
- 1586 सर वॉल्टर रालेह वर्जीनिया से लंदन में तंबाकू लाने वाले व्यक्ति बने।
- 1655 नीदरलैंड और ब्रांडेनबर्ग ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1694 इंग्लैंड सरकार के बैंकर के रूप में एक रॉयल चार्टर बैंक ऑफ इंग्लैंड को दिया गया था।
- 1709 सम्राट इम्पेरर नाकमिकादो जापान के सिंहासन पर बैठे।
- 1713 रूस और तुर्की ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1714 ब्रिटिश रानी ऐनी ने प्रीमियर रॉबर्ट हेली को खारिज किया।
- 1720 रूसी नौसेना की दूसरी महत्वपूर्ण जीत - गेंग्मम की लड़ाई।
- 1724 पीटर द वाइल्ड बॉय %हनोवर में हैवेनसेन के पास पकड़ा गया।
- 1789 अमेरिकी राज्य विभाग, जिसे तब विभाग के मामलों के विभाग के रूप में जाना जाता था, यू.एस.संक्रमण के तहत बनाई गई पहली संघीय एजेंसी बन गई।
- 1794 नेशनल कन्वेंशन ने आतंकवादी नेता मैक्सिमिलियन रोबेस्पिएरे की गिरफ्तारी और फांसी का आदेश दिया, जब उन्होंने फ्रांसीसी क्रांति के 17,000 से अधिक दुश्मनों को ड्डह्ल्ह्द्धह्यह्ल उत्पीड़न 'के लिए प्रोत्साहित किया।
- 1836 दक्षिण आस्ट्रेलिया में एडीलेड की स्थापना हुई।
- 1836 दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में एडिलेड की स्थापना की गई।
- 1844 आग ने चार्लोट और उत्तरी केरोलिना के अमेरिकी टकसाल को नष्ट कर दिया।
- 1862 अमेरिकी शहर कैंटन में हरिकेन तूफान का कहर हुआ, जिसमें 40 हजार लोगों की मौत हुई।
- 1888 फिलिप प्राट ने पहला इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल का प्रदर्शन किया।
- 1888 फिलिप प्रैट के द्वारा पहला अमेरिकी बिजली से चलने वाला तिपहिया का निर्माण किया।
- 1908 हाँग काँग के टायफून ने यात्री स्टीमर यिंग किंग से 421 लोगों की जान गंवाई।
- 1914 फेलिक्स मैनलो ने फिलीपींस में एक स्वतंत्र, गैर ट्रिनिटेरियन ईसाई चर्च, आधुनिक इग्लेसिया नी क्रिस्टोरेलिजियन की स्थापना की।
- 1916 ब्रिटिश मार्जेन चार्ल्स फ्रायट को ब्रुग्स में मार डाला गया था, बेल्जियम के बाद कोर्ट-मार्शल ने उन्हें फ्रैंक-टायरर पाया।
- 1919 रेड समर-रेस के दंगे शिकागो में एक दक्षिण-पश्चिम समुद्र तट पर एक नस्लीय घटना के बाद भड़क उठे, जिसके कारण पांच दिन की अवधि में 38 घातक और 537 घायल हुए।
- 1921 टोरंटो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने फ्रेडरिक बैंटिंगप्रोवर्ड के नेतृत्व में कहा कि हार्मोन इंसुलिन रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है।
- 1921 टोरंटो यूनिवर्सिटी के दो वैज्ञानिकों फ्रेडरिक बैंटिंग और चार्ल्स बेस्ट ने इंसुलिन नाम के हार्मोन को अलग करने में सफलता पाई।

## विशेष आलेख

# भारत और ब्रिटेन के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से महत्वपूर्ण दूरगामी वैश्विक प्रभाव पड़ेंगे

**लिहाजा, भारत-ब्रिटेन में बीच हुआ एफटीए उसी की एक अगली कड़ी है जबकि यूरोप से हमारी बातचीत जारी है जिसे जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कि अर्थव्यवस्था (इकॉनमी) के मोर्चे पर आने वाली संभावित चुनौतियों से निपटने में ऐसी ही द्विपक्षीय व्यापारिक डील सहायक होती हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत और ब्रिटेन के बीच पुराने व्यापारिक रिश्तों के बावजूद 2023-24 में केवल 21.34 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था जो दोनों देशों के अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए यह आंकड़ा बहुत कम है।**



कमलेश पांडेय

हा हाल ही में भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) केंद्र में सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अंतरराष्ट्रीय मायने बेहद अहम हैं क्योंकि इसका फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। इस प्रकार भारत और ब्रिटेन के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से आने वाले वर्षों में दूरगामी वैश्विक असर भी देखने को मिलेंगे।

यह कहना गलत नहीं होगा कि अमेरिका प्रेरित भूमंडलीकरण और निजीकरण की नीतियों पर आधारित मुक्त वैश्विक अर्थव्यवस्था के दौरान पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से कारोबारी संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है।देखा जाए तो भाजपा नीत एनडीए सरकार ने 2014 में केंद्रीय सत्ता में आने के बाद भारत ने मॉरिशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और ईएफटीए के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है।

लिहाजा, भारत-ब्रिटेन में बीच हुआ एफटीए उसी की एक अगली कड़ी है जबकि यूरोप से हमारी बातचीत जारी है जिसे जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कि अर्थव्यवस्था (इकॉनमी) के मोर्चे पर आने वाली संभावित चुनौतियों से निपटने में ऐसी ही द्विपक्षीय व्यापारिक डील सहायक होती हैं।

आंकड़े बताते हैं कि भारत और ब्रिटेन के बीच पुराने व्यापारिक रिश्तों के बावजूद 2023-24 में केवल 21.34 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था जो दोनों देशों के अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए यह आंकड़ा बहुत कम है। लिहाजा माना जा रहा है कि ट्रेड डील से सालाना व्यापार 34 बिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगा जबकि दोनों देश साल 2030 तक इसे 120 बिलियन डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाना चाहते है। इससे साफ है कि अब दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा और कारोबारी संतुलन लाने में भी आशातीत मदद मिलेगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आधुनिक भारत के निर्माण में इंग्लैंड का बहुत बड़ा योगदान है क्योंकि 1947 से पहले इंडिया पर उसी का शासन था। कॉमनवेल्थ देशों के सदस्य के नाते उससे भावनात्मक लगाव भी है। देखा जाए तो इस समझौते को लेकर लंबे समय से भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड डील की बातचीत चल रही थी। इसकी वजह से ही अमेरिका की टैरिफ सम्बन्धी बातचीत भी चल रही थी और हाल में ही इसमें भी तेजी आई है। इसके पीछे एक नीति है। क्योंकि डॉनल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी ने पूरी दुनिया में आर्थिक व सैन्य अनिश्चितता बढ़ा दी है। ऐसे में इस तरह के द्विपक्षीय समझौते से दोनों देशों को इस अनिश्चितता को घटाने और व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

भारत के मेक इन इंडिया के लिहाज से भी यह डील बेहद अहम है। इससे करीब 99 प्रतिशत निर्यात यानी यहां से ब्रिटेन जाने वाली चीजें पर टैरिफ से राहत मिलेगी। इससे वहां पर हमारा व्यापार बढ़ेगा। इसी तरह ब्रिटेन से आनी वाली चीजें भारत में सस्ती मिल सकेगी। लिहाजा इस डील से भारत के टेक्सटाइल्स, लेदर और इलेक्ट्रॉनिक्स को एक बड़ा फायदा होगा। इनसे हमारे मैन्युफैक्चरिंग उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। इस बीच, अगर भारत की अमेरिका के साथ अच्छी व्यापार डील हो जाती है तो उससे भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर हमारे कदम आगे बढ़ेंगे हालांकि, भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति, पिछले एक दशक के आशातीत आर्थिक विकास आदि से अमेरिका चिढ़ा हुआ है। उसकी नीति रही है कि अमेरिकी कम्पनियां चीन में सस्ता माल बनाएंगी और उसे भारत में खपायेंगी लेकिन मनमोहन सरकार की इस राष्ट्रविरोधी नीति को नरेंद्र मोदी सरकार ने पलट दिया है और मेक इन इंडिया, मेक फ़ॉर द वर्ल्ड जैसी ठोस राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा दिया है।भारत से अमेरिका की चिढ़ की एक मौलिक वजह यह भी है कि वह भारत को रूस से दूर करके चीन से लड़ाना चाहता है, भारत के पड़ोसी देशों को चीन-पाकिस्तान की मदद से इंडिया से उलझाना चाहता है ताकि अरब देशों की तरह भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में भी उसका दबदबा बढ़े और हथियार खपे लेकिन वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रखने वाले भारत के साथ अमेरिका की एक नहीं चली। इसलिए वह आतंकवादी उत्पादन करने की फैक्ट्री बन चुके पाकिस्तान की शरण में फिर चला गया जहां चीन से उसे कड़ी टक्कर मिल रही है। चूंकि अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर अमेरिका-चीन के बीच आर्थिक व सैन्य होड़ मची हुई है, इसलिए भारत की कोशिश है कि इस पचड़े में न पड़ते हुए अपना चहुंमुखी विकास किया जाए। चूंकि इस दिशा में भारत के पुराने व भरोसेमंद देश रूस की भरपूर तकनीकी मदद भारत को मिल रही है। इसलिए अमेरिका-यूरोप भारत पर दबाव बढ़ा रहे हैं कि वह रूस से अपने रिश्ते कम करे और पश्चिमी देशों से सहयोग बढ़ाए, जो आजतक किसी के हुए ही नहीं और प्रथम-द्वितीय विश्वयुद्ध की वजह बने।

आज जिस तरह से अमेरिका-यूरोपीय देश रूस के पड़ोसी यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, इससे उनकी गलत मंशा को समझा जा सकता है। इजरायल को अरब देशों के साथ भिड़ाए रखना, पाकिस्तान को भारत से भिड़ाए रखना, चीन को ताइवान से भिड़ाए रखना जैसी उनकी कई क्षुद्र नीतियां हैं जिससे अंतरराष्ट्रीय मानवता भी कभी-कभार संकट में आ जाती है। यही वजह है कि रूस का मित्र देश चीन अपनी वन बेल्ट, वन रूट जैसी अग्रगामी व्यापारिक नीतियों के माध्यम से अमेरिका को एशिया व यूरोप से बाहर धकेलना चाहता है जबकि अमेरिका अपने सदाबहार मित्र यूरोपीय देशों के सहयोग से भारत को चीन के खिलाफ आगे बढ़ाना चाहता है लेकिन भारत-रूस की आपसी सूझबूझ से अमेरिकी दाल यहां पर नहीं गल पा रही है।

# झालावाड़ स्कूल हादसे का जिम्मेदार कौन नेता, नपुंसक सिस्टम या छात्र



रामस्वरूप रावतसरे

**जानकारी के अनुसार पिछले दिनों पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के दौरान सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान सरकारी स्कूलों के भवनों की स्थिति खराब होने की जानकारी सामने आई थी। 2000 से ज्यादा सरकारी स्कूल भवन के जर्जर स्थिति में होने की जानकारी मिली थी। साथ ही स्कूल के फर्नीचर, बिजली उपकरण और पानी के स्ट्रक्चर भी खराब अवस्था में पाए गए थे।**

राजस्थान के झालावाड़ जिले में शुक्रवार 26 जुलाई को सरकारी स्कूल में हुए हादसे ने सरकारी सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार और प्रशासन की अनदेखी की वजह से मनोहरथाना ब्लॉक स्थित पिपलोदी के सरकारी स्कूल का भवन ढह गया। इस हादसे में 7 स्कूली बच्चों की मौत हो गई, जबकि 21 बच्चे घायल हो गए। घायलों में 9 बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हादसा सुबह की प्रार्थना के दौरान हुआ। स्कूल का भवन पुराना और जर्जर अवस्था में था। बारिश की वजह से ग्राउंड के बजाय कक्षाओं में ही प्रार्थना हो रही थी। इसी दौरान एक कमरे की छत ढहने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे के समय कक्षा में 35 बच्चे मौजूद थे।

जानकारी के अनुसार पिछले दिनों पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के दौरान सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान सरकारी स्कूलों के भवनों की स्थिति खराब होने की जानकारी सामने आई थी। 2000 से ज्यादा सरकारी स्कूल भवन के जर्जर स्थिति में होने की जानकारी मिली थी। साथ ही स्कूल के फर्नीचर, बिजली उपकरण और पानी के स्ट्रक्चर भी खराब अवस्था में पाए गए थे। राज्य सरकार ने बजट में 750 स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। पिछले साल के बजट में भी 325 करोड़ रुपये जारी किए गए बताए जा रहे है, लेकिन समय पर स्कूल भवनों में सुधार नहीं होने से यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार जर्जर स्कूल भवनों को लेकर जनवरी से मार्च 2025 तक चले विधानसभा के तीसरे सत्र के दौरान आठ विधायकों ने तारांकित सवाल लगाए, लेकिन एक भी सवाल का जवाब विभाग की ओर से नहीं दिया गया। शिक्षा विभाग की ओर से विधायकों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया जाना भी हैरानजनक है। वैसे भी हमारा सिस्टम जब तक कोई हादसा नहीं हो जाता तब तक कुछ भी नहीं करता। और अब जब यह हादसा 7 स्कूली बच्चों की मौत का कारण बना 21 बच्चे गम्भीर घायल हो गये, तो आनन फानन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली और विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर जांच कराने के निर्देश दिए। और इधर मंत्री मदन दिलावर ने बड़ी घोषणा करते हुए इस हादसे को लेकर कहा कि स्कूल भवन गिरने में सात बच्चों की मौत हुई है। उन बच्चों के आश्रित परिवारों को 10-10 लाख रुपए की आर्थिक मदद की घोषणा देने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों के एक-एक सदस्यों को संविदा पर नौकरी और नया स्कूल भवन बनने पर उसके कक्षा कक्ष पर मृतक बच्चों के नाम अंकित होंगे। कैसा सिस्टम है! और कैसी इनकी सोच है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के अनुसार शिक्षा विभाग को पहले ही चेत जाना चाहिए था। अगर जर्जर स्कूल भवनों को पहले ही चिन्हित कर लिया जाता और बच्चों को सुरक्षित भवन में शिफ्ट कर दिया जाता तो हमारे बच्चे काल के ग्रास नहीं बनते। झालावाड़ जिले से वसुंधरा राजे पांच बार विधानसभा सदस्य बनती रही है मुख्यमंत्री का पद भी रहा है और फिर इनके पुत्र झालावाड से पांच बार सांसद बन चुका हो।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के शानदार और कर्तव्य निष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार। 25 नवंबर सन 19 79 में सीकर जिले के रिंग्स पंचायत समिति के पटवारी का बास गांव में जन्मे,चूंकि पिताजी पुलिस सेवा में थे और जयपुर पोस्टेड़ थे इसलिए जयपुर से पूरी एजुकेशन हुई स्कूली शिक्षा के बाद राजस्थान कॉलेज उसके बाद राजस्थान यूनिवर्सिटी से शिक्षा पूरी कर सन 2003-04 में बीएड़ किया और सरकारी सेवा में 2007 में टीचर बने। 2 साल तक अध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दी लेकिन अध्यापक की नौकरी ने रास ना आई और 2007 में एसआई बैच में सिलेक्ट हुए और रिक्रूट हुए और 2010 में जयपुर आरपीए में ट्रेनिंग लेने के बाद धौलपुर में प्रोबेश्न पीरियड पूरा किया इसके बाद सीकर, झुंझुनू और उसके बाद फिर सीकर लगे। 2020 में पुलिस निरीक्षक के रूप में पदोन्नति हुई जहां जीआरपी थाना प्रभारी, लक्ष्मणगढ़ थाना प्रभारी सीकर, सदर थाना प्रभारी सीकर, एनईबी थाना प्रभारी अलवर, नवलगढ़ थाना प्रभारी झुंझुनू और इस समय सिकंदरा थाने के इंचार्ज पद को सुशोभित की रहे हैं जो दौसा जिले में आता है। बेहद शानदार व्यक्तित्व के धनी है। सीआई अशोक कुमार यह बताते हैं कि पुलिस अपने तरीके से घटनाओं की जांच अनुसंधान करती है लेकिन कहीं ना कहीं पुलिस की मदद ईश्वर करते हैं सन 2013-14 में जब यह सीकर उद्योग नगर थाना प्रभारी थे तो एक बड़ी नकबजनी इलाके में हुई। पुलिस अधिकारियों के निर्देश के तुरंत बाद टीम गठित कर नकबजनों की तलाश सर गर्मी से कर रहे थे ऐसे में एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता हुआ दिखाई पड़ा। व्यक्ति क्योंकि संदिग्ध था इसलिए मौके पर पहुंच कर उसे दबोचा, पूछताछ के दौरान पता चला कि यह झगड़ा घरेलू नहीं किसी मामले को लेकर विवादित है। अशोक कुमार बहुत इंटेलिजेंट पुलिस ऑफिसर के रूप में जाने जाते हैं उन्होंने अपनी टीम से कहा कि इसे तुरंत हिरासत में लो और थाने लेकर चलो यह कोई बहुत बड़ा



अशोक कुमार
( पुलिस निरीक्षक राज. पुलिस )

अपराधी है क्योंकि उसके हाव भाव बातचीत और बात करने के अंदाज से पता चल चुका था, उसे थाने लेकर आए तो बाद में पता पड़ा यह तीन हत्या करके फरार हुआ हत्यारा था। । पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी के रूप में उनकी पीठ थपथपाई की एक ऐसा बदमाश ऐसा हत्यारा पड़ा है जो समाज के लिए दंश था। लेकिन अशोक कुमार कहते हैं कि सब कुछ ईश्वर करते हैं हम सिर्फ उसकी बनाई हुई कठपुतली हैं। बस गीता के कर्मयोग को समझना होगा। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। रूपक शर्मा

## संस्मरण

# करौली कें सेनानी चिंरजीलाल शर्मा

मूलतः सपोटरा निवासी श्री चिरंजीलाल शर्मा ने 1928 में मथुरा में गांधी जी का भाषण सुना जिससे उनको देश प्रेम की प्रेरणा मिली स्वतंत्रता आंदोलन में 1928 में चिरंजी लाल शर्मा ने आगरा में गांधी जी से भेंट कर चरखा संघ की करौली शाखा की स्थापना हेतु अनुमति मांगी 1928 में कांग्रेस के बारदोली सत्याग्रह में भाग लिया।जब गाँधीजी अजमेर आए तब करौली खादी के कार्यकर्ता ठाकुर ओंकार सिंह सैगर,राम सिंह,नारायण सिंह,मुंशी त्रिलोक चंद्र माथुर,परम सिंह के साथ पंडित चिरंजी लाल शर्मा उनसे मिलने अजमेर गए तथा गांधी जी को 200 रूपये तथा मदन खादी कॉटेज में बनी खादी भेंट की इसी प्रकार करौली के खादी के माध्यम से स्वदेशी और आजादी के विचारों का प्रसार देश की आजादी मिलने तक निरंतर चलता रहा।

1932 में जगन वल्द कुदंन के माध्यम से अपनी कार्यवाही को गति दी जिसके परिणाम स्वरूप जगन को दफा 69 राज अभियोग के तहत गिरफ्तार कर लिया गया इसके बाद स्वयं चिरंजी लाल शर्मा ने अछूतोदार के पर्चे वितरित करने पर दिनांक 11अक्टूबर1932 को गिरफ्तार कर 50रुपये जुर्माना या 2 माह की सजा हुई उस समय उनकी उम्र मात्र 20 वर्ष थी।माफी के आधार पर 20 योम दिवस बाद जेल से मुक्त कर दिए गए।

1938 में गठित करौली प्रजा मंडल के सक्रिय सदस्य रहे 1942 में आजाद मोर्चे के सक्रिय सदस्य रहने के कारण जयपुर से गिरफ्तार किए गए 1942 में वहां से निवाई गए निवाई अखबार में एक आर्टिकल निकाला टोंक आखिर कब तक बुर्के में रहेगी। 1945 में उदयपुर में अखिल भारतीय देसी राज्य लोक परिषद के अधिवेशन में भाग लिया 1946 में करौली आए और करौली प्रजामंडल के प्रथम राजनैतिक अधिवेशन की अध्यक्षता की अप्रैल 1946 में सरकार को नोटिस दिया कि हम 6 अप्रैल को एक जुलूस निकालेंगे 6 अप्रैल के दिवस अपने 100 साथियों के साथ बड़े ही ठाट वाट से जुलूस निकाला।

2 अक्टूबर 1946 को चरखा संघ का उद्घाटन श्री हरिभाऊ उपाध्याय के हाथों करवाया।4 नवंबर 1946 को करौली के तत्कालीन महाराज कुमार गणेश पाल ने शासन सुधार संबंधी घोषणा की।14 और 15 अगस्त 1947 की मध्य रात्रि पर आजादी की घोषणा के बाद करौली के राज भक्तों द्वारा अनाज मंडी की पोस्ट ऑफिस पर तिरंगा झंडा फहराया गया। यह ध्वजारोहण चिरंजीलाल शर्मा जी ने किया इस अवसर पर नगर के बाजार में जुलूस निकालने के बाद मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई।आखिर आजादी के दीवानों का स्वप्न पूरा हुआ 18 मार्च 1948 को गठित मत्स्य संघ के 11 सदस्यीय मंत्रिमंडल में चिरंजी लाल शर्मा को (विकास मंत्री) का पद दिया गया आज आजादी के इस दिवाने के नाम पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का नामकरण कर सरकार ने करौली वासियों के हर्दय मे इन को हमेशा के लिये अमर कर दिया है।

-राजेश कुमार मीना(झारेडा)
करौली

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

### वृष
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

### मिथुन
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

### कर्क
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

### सिंह
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

### कन्या
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। इसका खास ध्यान रखें।

### तुला
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

### वृश्चिक
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

### धनु
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा।

### मकर
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

### कुंभ
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

### मीन
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

# जल, जंगल जमीन से जुड़े आदिवासी समुदाय को मिले जन कल्याणकारी योजनओं का लाभ : डॉ. आशा लकड़ा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में अनुसूचित जनजाति के कल्याण एवं विकास के लिए कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक शनिवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता एवं जिला कलक्टर काना राम की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित शिक्षण संस्थाओं, आंगनबाड़ी केन्द्रों, विभिन्न छात्रावासों की जानकारी लेकर अधिक से अधिक अनुसूचित जनजाति के बच्चों को लाभांवित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने राजकीय विद्यालयों में अध्यापन, शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर ड्रॉपआउट कम करने हेतु विशेष रणनीति तैयार करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारी को दिए। उन्होंने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को मिलने वाली पाठ्य पुस्तक, छात्रवृति, पोषाहार सहित अन्य सुविधाओं के बारे में आवश्यक निर्देश प्रदान किए। बैठक के दौरान उन्होंने विद्यालयों के जर्जर भवनों की जानकारी ली और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण कर जर्जर भवनों का चिन्हिकरण पर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं एवं किसानों को फूड प्रोसेसिंग यूनिट से जोड़ने हेतु प्रयास करने तथा लेह लद्दाख में संचालित यूनिटों का अवलोकन हेतु टीम भिजवाने के निर्देश संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार आर.के. अटल को दिए। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारी को असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों का श्रमकार्ड एवं ई-श्रम पोर्टल पर नामांकन करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जागरूकता अभियान चलाकर श्रमिकों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित करने के निर्देश प्रदान किए है। बैठक में आयोग के अनुसंधान अधिकारी एचआर मीना, जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनिवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, उप वन संरक्षक रामानंद भाकर, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, परियोजना अधिकारी ओ.पी. मीना, डीवाईएसपी एससी/एसटी सेल मनीष शर्मा, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मीना आर्य सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हरियालो राजस्थान अभियान को जनसहभागिता से सफल बनाएं : हीरालाल

बढ़ता राजस्थान




**टोंक, (का.स.)।** टोंक जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश हरियालो राजस्थान के रूप में पहचान बना रहा है। हरियाली, जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और सतत् विकास राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है। राज्य सरकार हरियालों राजस्थान महाअभियान के तहत 5 साल में 50 करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य को लेकर काम कर रही है। पिछले मानसून में साढ़े सात करोड़ पौधे लगाए थे और इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, निवाई-पीपलू रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला प्रभारी सचिव अर्चना सिंह, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। नागर ने शनिवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में हरियालो राजस्थान अभियान को जनसहभागिता से सफल बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रदेश में ग्रीन कवर बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। ऊर्जा मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा राज्य निधि से संचालित व केंद्र प्रवर्तित योजनाओं से संबंधित फ्लैगशीप स्कीम की समीक्षा की तथा राज्य सरकार की मंशानुसार अधिकाधिक पात्र लोगों को इन योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 25 फ्लैगशिप स्कीम में जिले की प्रगति और आवंटित लक्ष्यों को हासिल करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। श्री नागर ने फ्लैगशीप स्कीम जल जीवन मिशन में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल कनेक्शन के लिए खोदी गई सड़कों के मरम्मत कार्यों की कमेटी बनाकर जांच करने के लिए जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को निर्देश दिए। साथ ही, पेयजल लाइनों में अवैध कनेक्शन करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए जलदाय विभाग के अधीक्षण राजेश गोयल एवं बीसलपुर परियोजना के अभियंताओं को निर्देशित किया। ऊर्जा मंत्री नागर ने बजट घोषणा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में भूमि आवंटन, वित्तीय स्वीकृति एवं कार्य प्रगति को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया से जानकारी ली। एडीएम ने बताया कि बजट घोषणाओं में 33 भूमि आवंटन किये जाने थे। इनमें से 32 के लिए भूमि आवंटित हो चुकी है। भूमि आवंटन का एक प्रकरण भी शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।

### पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

टोंक जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर शनिवार को न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सार्वजनिक पार्क में हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री नागर ने पार्क में अमलतास का पौधा रोपित किया। साथ ही, आमजन को भी इस वर्षाकाल में अधिकाधिक पौधे लगाने और बड़ा होने तक उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

### 4 लाख पौधों का होगा रोपण

हरियालों राजस्थान अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर 27 जुलाई को विभिन्न राजकीय विभागों, सामाजिक संस्थाओं एवं आमजन की भागीदारी से जिले में 4 लाख पौधे लगाए जायेंगे।

# विश्व हिंदू परिषद की दो दिवसीय प्रांतीय बैठक का हुआ शुभारंभ

## समाज के बालकों में राष्ट्रभक्ति एवं संस्कार की भावना पैदा करने सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** विश्व हिंदू परिषद जयपुर प्रांत की दो दिवसीय प्रांतीय बैठक का शुभारंभ उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता केंद्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र जैन, क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम, प्रांतीय अध्यक्ष प्यारेलाल मीणा, संत मनीषदास महाराज, प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल गोठवाल, प्रांतीय मंत्री राधेश्याम शर्मा एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सीताराम शर्मा द्वारा मां शारदे एवं भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। विहिप के जिला अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने बताया कि बैठक में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत पदाधिकारियों द्वारा हिंदू समाज के उत्थान, हिंदू समाज के बालकों में राष्ट्रभक्ति एवं संस्कार की भावना पैदा करना, राष्ट्र के हितों के लिए लोक मतांतरण एवं धर्मांतरण सहित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद जयपुर प्रांत द्वारा संचालित प्रांतीय विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रवीरसिंह चौहान, महामंत्री शैलेंद्र चौधरी, हेमराज शर्मा गुरुजी, रमाकांत शर्मा एवं योगेंद्रसिंह नथावत सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# संस्कृत भाषा केवल रोजगार ही नहीं बल्कि संस्कार व एक श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण करती है : मुरारीलाल राव

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** संस्कृत शिक्षा संकुल केंद्र का संस्कृत मास व प्रवेश महोत्सव के दौरान संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी मुरारीलाल राव ने आकस्मिक निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 की कक्षाओं के लिए अंतिम कालांश में पृथक पृथक संस्कृत संभाषण की कक्षाएं का संचालन संस्कृत शिक्षक श्रीराम बैरवा, सुगना खींची, अनीता मीणा, मुकेश बैरवा, मुरलीधर यादव और लाड बाई द्वारा आयोजित करवाई जा रही थी। संभागीय संस्कृत अधिकारी राव ने सभी विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा का आधुनिक युग में विज्ञानव रोजगार आदि के क्षेत्र में महत्व समझाते हुए संस्कृत भाषा को दैनिक व्यवहार की भाषा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संस्कृत भाषा केवल रोजगार ही नहीं बल्कि संस्कार एवं एक श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण करती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संस्कृत विद्यालय में प्रवेश करके वरिष्ठ उपाध्याय कर एसटीसी करले तो उनके लिए रोजगार का स्वर्णिम अवसर हो सकता है। जिसके लिए संस्कृत विद्यालय में अधिक से अधिक प्रवेश लेना चाहिए। संभागीय अधिकारी द्वारा संकुल आधीन संस्था राज उच्च प्राथमिक संस्कृत व निवाई का भी निरीक्षण किया।

# नशे के खिलाफ अम्बेडकर विचार मंच ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान




**जहाजपुर (नि.स.)।** अम्बेडकर विचार मंच जहाजपुर की ओर से शनिवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी के माध्यम से जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को सौंपा गया। ज्ञापन में जहाजपुर उपखंड क्षेत्र में दिनों-दिन बढ़ते स्मैक, गांजा, डोडा चूरा, अफीम एवं अवैध शराब के कारोबार पर गहरी चिंता जताई गई। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में नशे का यह काला कारोबार युवाओं के भविष्य को बर्बादी की ओर धकेल रहा है। नशे की लत के चलते चोरी, लूट, सड़क हादसे और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे सामाजिक ताना-बाना बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष रामजस मीणा ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की कई ब्रांचें संचालित हो रही हैं, लेकिन अब तक इनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे नशा माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। मंच ने ज्ञापन के माध्यम से चार प्रमुख मांगें रखीं जिसमें स्मैक, गांजा, डोडा, अफीम जैसे मादक पदार्थों का अवैध कारोबार तत्काल बंद कराया जाए। अवैध शराब ब्रांचों को बंद कर संबंधितों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। नशा बेचने वाले माफियाओं की सूची तैयार कर सख्त कार्रवाई की जाए। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। मंच ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो मंच जनहित में आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर मीणा विकास संस्थान के अध्यक्ष श्योजी राम मीणा, अंजुमन कमेटी सदर एवं पार्षद नज़ीर सरवरी, जीएसएस अध्यक्ष सत्यनारायण मीणा, वक्फ कमेटी सदर नसीब दाद पठान, आज़ाद समाज पार्टी अध्यक्ष भैरू लाल, पार्षद रामप्रसाद रेगर, सिराज मोहम्मद, मुजम्मिल शेर पठान, प्रमोद घारू मंच के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय लालसोट में टाइप- 1 डायबिटीज की सेवाएं शुरू



**लालसोट (नि.स.)।** पीएमओ डॉ राजकुमार सेहरा ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा अनुसार प्रत्येक जिला चिकित्सालय पर टाइप -1 डायबिटीज के रोगियों के लिए मिशन मधुहारी क्लीनिक खोले गए है। जिला चिकित्सालय लालसोट में मिशन मधुहारी क्लीनिक कमरा नं 20 में प्रत्येक शुक्रवार को चलाया जा रहा है। डायबिटीज क्लीनिक के नोडल प्रभारी डॉ विष्णु गुप्ता ने बताया कि मुख्य रूप से डायबिटीज 2 तरह की होती है टाइप 1 और टाइप 2। टाइप 1 डायबिटीज मुख्यतया बच्चों में पाई जाती है जिसमें शरीर में इंसुलिन हार्मोन नहीं बनता है अत: इसके इलाज के लिए मरीज़ को जीवनभर इंसुलिन के इंजेक्शन पर निर्भर रहना पड़ता है। राज्य सरकार की योजना अनुसार मिशन मधुहारी क्लीनिक में टाइप 1 डायबिटीज के रोगी के नामांकन के पश्चात प्रत्येक मरीज़ को शुगर नापने की मशीन, ग्लूको स्ट्रिप्स, रिकॉर्ड के लिए एसएमबीजी लॉग बुक, इंसुलिन इंजेक्शन, लैंसेट इत्यादि नि:शुल्क दिए जाते है एवं इन मरीजों का रेगुलर फॉलोअप लिया जाता है जिसमें इंसुलिन लगाने का तरीका, शुगर के कम व ज्यादा होने के लक्षणों व इलाज के बारे में बताया जाता है। इस मौके पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ टीकम चंद कुमावत, फिजिशियन डॉ उमाशंकर मीणा, नर्सिंग ऑफिसर सुश्री पूनम जांगिड़, वंदना, अंकित, सचिन सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता : ग्राम पंचायत चैनपुरा में संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत चैनपुरा में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु- बाल विवाह जैसी कुप्रथा के सामाजिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों पर चर्चा।- ग्राम पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन।- शिक्षा से वंचित बच्चों को पुन: शिक्षा से जोड़ने के प्रयास।

### किरण शर्मा, सिकोइडिकोन संस्था की बात

हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चा सुरक्षित और सशक्त भविष्य की ओर बढ़ सके। हम बाल संरक्षण समिति के साथ मिलकर उन बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करेंगे जो किसी कारणवश विद्यालय छोड़ चुके हैं या शिक्षा से वंचित हैं।

### आगे की कार्रवाई

ग्राम पंचायत प्रशासक की अध्यक्षता में बाल संरक्षण समिति द्वारा इन बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। इस पहल से ग्राम पंचायत चैनपुरा में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ेगी और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी।

# जर्जर भवनों एवं संरचनाओं को ध्वस्त करें - कानाराम

## आमजन से सतर्क रहने एवं असुरक्षित भवनों को खाली करने की अपील




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम ने जिले में स्थित जर्जर एवं खतरनाक भवनों तथा संरचनाओं को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में ऐसे भवन आमजन की जान-माल के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं, अत: इन्हें प्राथमिकता से चिन्हित कर नियमानुसार ध्वस्त किया जाए। जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राजीव गांधी भारत निर्माण सेवा केंद्र के वीसी कक्ष से सभी उपखंड अधिकारी एवं शिक्षा, पंचायती राज एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैटक को संबोधित कर रहे थे। जिला कलक्टर ने कहा कि नगर परिषद, नगर पालिका, तथा ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर घर, सरकारी और निजी विद्यालय, अस्पताल, सरकारी कार्यालय भवन सहित ऐसे सभी भवनों की सूची तैयार की जाए जो उपयोग में होने के बावजूद जर्जर हालत में हैं। ऐसे मामलों में भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर नियत समय में भवन खाली कराने की कार्रवाई की जाए। जिला कलक्टर ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि वे स्वयं अथवा किरायेदार के रूप में किसी पुराने, जर्जर या असुरक्षित भवन में रह रहे हैं तो शीघ्र उस भवन को खाली कर लें। जन सुरक्षा सर्वोपरि है! उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और संभावित जोखिम वाले भवनों के संबंध में नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह..

# सरकारी विद्यालयों के भौतिक विकास में 9 करोड़ 88 लाख रुपये का योगदान, 467 भामाशाहों का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को हम्मीर सर्किल स्थित रणथम्भौर मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। समारोह में जिले के सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना एवं भौतिक संसाधनों के विकास हेतु योगदान देने वाले भामाशाहों, गैर सरकारी संस्थाओं, ग्राम विकास समितियों और प्रेरकों को मुख्य अतिथि जिला कलक्टर कानाराम एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला कलक्टर ने सभी भामाशाहों, प्रेरकों एवं सामाजिक संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी प्रयासों के साथ यदि समाज का सहयोग मिल जाए तो किसी भी व्यवस्था को सशक्त और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर जिले में शिक्षा के क्षेत्र में जो नवाचार हो रहे हैं, वे राज्य और देश के लिए अनुकरणीय हैं। एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में अप्रैल, 2022 से भविष्य की उड़ान नवाचार कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भामाशाहों द्वारा आर्थिक सहयोग, ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से सरसों की तूड़ी की नीलामी कर प्राप्त राशि को मुख्यमंत्री जन सहभागिता विद्यालय विकास योजना के तहत सरकारी विद्यालयों के खाते में जमा कराया गया। इस राशि पर राज्य सरकार द्वारा 60 प्रतिशत की अतिरिक्त सहायता राशि भी प्रदान की गई, जिससे विद्यालयों की इमारत, शौचालय, स्मार्ट क्लास, फर्नीचर, खेल सामग्री एवं अन्य भौतिक संसाधनों का विकास संभव हो सका है। आयोजन प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने जानकारी दी कि समारोह में जिले के 246 सरकारी विद्यालयों के लिए विगत 2 वर्षों में लगभग 9 करोड़ 88 लाख रुपये का आर्थिक योगदान देने वाले 467 भामाशाहों, 15 ग्राम विकास एवं विद्यालय विकास समितियों, 16 गैर सरकारी संगठनों तथा 31 प्रेरकों को सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप सभी को साफा, दुप्पटा पहनाकर, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र किए गए। कार्यक्रम का समापन पर झालावाड़ के सरकारी विद्यालय में हुई दुर्घटना में मृतक विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश लाल मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक देवी लाल, नलिनी फाउंडेशन के राधे गोविंद माथुर, पर्यावरण ब्रांड एम्बेसडर रामावतार मीणा, घुश्मेश्वर मंदिर ट्रस्ट (शिवाड़) के प्रेम प्रकाश शर्मा, अन्य विभागीय अधिकारीगण सहित लगभग 6 सौ से अधिक भामाशाह, प्रेरक और ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मित्र और जीवनसाथी की असली पहचान विपत्ति के समय होती है -कथावाचक



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** महावर धर्मशाला में चल रही शिव महापुराण की कथा में कथा व्यास डॉक्टर शिवम साधक जी महाराज ने सुनाया मित्र हो या पत्नी हो या पति हो कोई भी संबंध की पहचान विपत्ति के समय में होती है कि जब हम पर विपत्ति आई है तो हमारा मित्र हमारी सहायता करता है या उसे दुख को देखकर दूर भाग जाता है कोई भी संबंध हमें सहायता लेने के लिए नहीं उसकी मदद करने की दृष्टि से जोड़ना चाहिए जिस संबंध में पहले ही स्वार्थ जुड़ा होता है वह संबंध ज्यादा दिन निभने वाला नहीं है

साथ ही शिव कथा में माता पार्वती ने भगवान शिव को प्राप्त करने के तप किया नारद जी के कहने के अनुसार तप किया भगवान को प्राप्त करना है तो तप तो जीवन में करना ही होगा तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने मां पार्वती को स्वीकार किया भूत पाटो ने भगवान का सुंदर श्रृंगार किया और भगवान शिव की अद्भुत बारात निकाली गई इस प्रसंग को सुनकर सभी श्रद्धालु हर्षित होकर आनंद में डूब गए भगवान शिव और मां पार्वती का सुंदर विवाह रचाया गया इस झांकी का दृश्य बिल्कुल अद्भुत था । सभी भक्तगणों ने आरती का भरपूर आनन्द लेते हुए प्रसाद ग्रहण किया ।

# नगर निगम द्वारा लगाए गए 31 हजार पौधे



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 26 जुलाई को नगर निगम अजमेर द्वारा हरियाळो राजस्थान अभियान के अंतर्गत लोहागल रोड स्थित पुष्कर गौशाला की लगभग 35 बीघा जमीन पर 31 हजार का वृक्षारोपण कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी द्वारा पेड़ लगाकर किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री श्री भागीरथ चौधरी, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश भडाणा, वन एवं पर्यावरण विभाग संयोजक श्री प्रियशील हाडा, नगर निगम महापौर श्रीमती ब्रजलता हाडा एवं उप महापौर श्री नीरज जैन, अध्यक्ष श्री रमेश सोनी, ग्रामीण देहात अध्यक्ष श्री जीतमल प्रजापत, गौशाला प्रधान श्री दीनबंधु चौधरी, गौशाला अध्यक्ष श्री रंजीत मल लोढ़ा, नगर निगम उपायुक्त श्रीमती अनीता चौधरी एवं श्रीमती कीर्ति कुमावत, गौशाला संयोजक श्री संजय अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थित रहे एवं वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर हार्टफुलनेस संस्था, विप्र फाउंडेशन, दिगंबर जैन मुनि सेवा संघ, अजमेर इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट, एक पेड़ मां के नाम एनजीओ, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहागल प्रधानाचार्य एवं स्टाफ, वरिष्ठ पशु चिकित्सालय शास्त्री नगर तथा नगर निगम अजमेर अधिकारीगण कर्मचारीगण द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को पौधारोपण कर सफल बनाया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के 600 जवानों ने वृक्षारोपण कर सराहनीय कार्य किया। कार्यक्रम में नीम, करंज, अशोक, शीशम, इमली, आम एवं जामुन के पौधे लगाए गए।

# अजमेर जिला कलक्टर लोक बन्धु ने विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। 26 जुलाई को जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने शनिवार को सुबह से हो रही बारिश के चलते जल प्रवाह की स्थिति का जायजा लेने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंट फ्रांसिस अस्पताल, अलवर गेट, मेयो लिंक रोड़, बांडी नदी क्षेत्र, सागर विहार कॉलोनी एवं बजरंगगढ़ चौराहा की व्यवस्थाओं का विशेष रूप से अवलोकन किया गया। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौसम विभाग के द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार अपने-अपने क्षेत्र में तैनात रहेंगे।

जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़, तहसीलदार श्री ओम सिंह लखावत एवं स्थानीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। आनासागर झील के जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए एस्केप चैनल के गेट खुले हुए हैं। जलस्तर के सुरक्षित स्तर पर आते ही गेट को पुनः बंद कर दिया जाएगा। जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हर सम्भव कदम उठाए जा रहे हैं। जिला कलक्टर ने कहा कि जल स्त्रोतों के आसपास व्यक्तियों को जाने से रोकने की कार्यवाही करें। जल स्त्रोतों के पास फोटो एवं वीडियो बनाने वालों को रोके। प्रशासन द्वारा मेडिकल, पुलिस, नगर निगम, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, होमगार्ड, सिविल डिफेन्स सहित विभिन्न विभागों की टीमों को बारिश की तीव्रता के अनसार कार्य करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में फील्ड पर तैनात रहें और लगातार स्थिति पर नजर रखें। आगामी मौसम की जानकारी के अनुसार सतर्कता बनाए रखें।

### जिला प्रभारी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने ली समीक्षा बैठक

# विकास कार्य व आमजन के कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करें, सरकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर सभी पात्र व्यक्तियों को मिले

## हरियालो राजस्थान अभियान जल आन्दोलन के रूप में संचालित करें, जर्जर भवनों से हादसे नही होवे इसके लिए उन्हें चिन्हित कर उनकी मरम्मत करावे

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागवार फ्लैगशिप योजनाओं व बजट घोषणाओं में प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को इनकी समयबद्ध क्रियान्विति कराने के दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा मौजूद रहे।




जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने बैठक में विभागवार बजट घोषणाओं में प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर निर्देश दिये कि निर्धारित टाइमलाइन में बजट घोषणाओं के कार्यों की गुणवत्ता के साथ चरणबद्ध रूप से क्रियान्विति सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन को बजट घोषणाओं का त्वरित लाभ मिल सके, इसके लिए प्रत्येक बजट घोषणा की प्रगति पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर यथाशीघ्र इनको धरातल पर अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जर्जर एवं असुरक्षित भवनों का चिन्हिकरण कर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था कराने के निर्देश दिये, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि की संभावना ना रहे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि ढीले तारों, विद्युत पोलों इत्यादि को तत्काल दुरूस्त करावे। साथ ही उन्होंने आरडीएसएस योजना की प्रगति, नए सब स्टेशन, अपग्रेडेशन कार्य, ओवर लोड समस्या एवं ट्रांसफार्मर व केबल उपलब्धता के बारे में फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने यूआईटी सचिव एवं नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि सरकारी भूमि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होवे तथा अतिक्रमण होने की स्थिति में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जावे।

उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग कर उनमें लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित करें, साथ ही यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से लाभांवित होने से वंचित ना रहे। उन्होंने विभागवार योजनाओं यथा पीएम कुसुम योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान, स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं पंच गौरव योजना इत्यादि में प्रगति की वस्तुस्थिति जानकर संबंधित अधिकारियों को सैचुरेशन स्तर तक क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता से बजट घोषणा में विधानसभावार सडकों की प्रगति, अटल पथ सहित स्टेट हाईवे व एमडीआर सडकों की वस्तु स्थिति का फीडबैक लेकर आवश्यक निर्देश दिये तथा अतिवृष्टि में क्षतिग्रस्त सडकों की सूची भिजवाने के निर्देश दिये।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। पर्यावरणीय समस्याओं का एक मात्र समाधान अधिकाधिक वृक्षारोपण है। इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड मां के नाम अभियान प्रारम्भ किया है जिससे प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 5 वर्ष में 50 करोड पौधे लगाए जाने हैं। अतः संबंधित अधिकारी अभियान को आमजन की सहभागिता से जन-जन का अभियान बनाकर ना केवल पौधे लगाए बल्कि उनकी सार-संभाल भी सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में जिले के विकास कार्यों एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं पर सुझाव देते हुए उनका समयबद्ध क्रियान्वयन कराने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिला प्रभारी मंत्री को बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना विभागीय समन्वय स्थापित कराकर समयबद्ध रूप से कराने का विश्वास दिलाया।

बैठक में रामगढ विधायक श्री सुखवन्त सिंह, राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक श्री मांगेलाल मीणा, पुलिस अधीक्षण श्री सुधीर चौधरी, एडीएम प्रथम श्री मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय श्री योगेश डागुर, जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सालुखे गौरव रवीन्द्र, यूआईटी सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना, डीएफओ अलवर श्री राजेन्द्र हुड्डा, डीएफओ सरिस्का श्री अभिमन्यु सहारण, नगर निगम आयुक्त श्री जितेंद्र सिंह नरूका, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री ऐश्वर्यम प्रजापति, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता श्री भूरी सिंह, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता श्री सुधीर पाण्डे, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता श्री रमेश चन्द सैनी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले के नवनियुक्त एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने संभाली कमान

## एसपी कार्यालय पहुंचते ही गार्ड ऑफ ऑनर से किया गया स्वागत, एएसपी वैभव शर्मा व शालिनी राज ने पुष्पगुच्छ देकर किया अभिनंदन, जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ की पहली बैठक, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और साइबर अवेयरनेस पर रहेगा फोकस

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई ने शनिवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। एसपी कार्यालय पहुंचते ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एएसपी वैभव शर्मा और शालिनी राज ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।नवपदस्थ एसपी ने जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ पहली बैठक कर कार्यशैली, प्राथमिकताओं और कानून व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। मीडिया से रूबरू होते हुए एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने कहा कि पुलिस के पास नफरी की कमी है इसको ले कर समीक्षा की जाएगी और



आवश्यकता अनुसार आईजी से आग्रह कर अतिरिक्त नफरी लगाने की व्यवस्था की जाएगी। हरियाणा पुलिस से हमारा तालमेल बेहतर है। झुंझनू और भरतपुर में पदस्थापन के दौरान भी हमने सूचनाओं का आदान प्रदान कर बेहतर समन्वय स्थापित किया था। इसी आधार पर यहां भी रूपरेखा बना कर अपराध की रोकथाम के प्रयास किए जाएंगे। साइबर अपराधों को ले कर एसपी ने कहा कि साइबर को ले कर अवेयरनेस जरूरी हैं। साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता का अभाव और लालच इसके मुख्य कारण हैं। आमजन किसी लालच में न फंसे इसके लिए उन्हें जागरूक करने के लिए मीडिया और पुलिस द्वारा प्रयास लगातार किए जाएंगे। एसपी ने किराएदारो के सत्यापन के लिए मकान मालिक और दुकान मालिकों को मीडिया के माध्यम से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बीट प्रणाली को और अधिक मजबूत करने की दिशा ने कदम उठाए जाएंगे। एसपी ने जमीनी स्तर पर परम्परागत पुलिसिंग को और सूचना तंत्र को भी मजबूती देने की बात कहीं।

# जन्मदिन समारोह में राज्य सरकार जमकर बरसे पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ रघु शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के केकड़ी -सरवाड़ राजस्थान सरकार के पूर्व स्वाथ्य मंत्री गुजरात कांग्रेस के पूर्व प्रभारी एवम केकड़ी के पूर्व विधायक रघु शर्मा का जन्म दिन सरवाड़ उपखण्ड के भटोलाव बालाजी और कालाबड़ बालाजी धाम पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पूर्ण जोश खरोश एवम उत्साह से मनाया।जन्म दिवस समारोह बिना सरकारी एक पैसा खर्च किये कार्यकर्ताओ ने अपने दम पर शानदार पूर्ण जोश खरोश से मनाया।



जमकर सरकार पर बरसे रघु शर्मा

अपने उद्बोधन मे रघु शर्मा राज्य सरकार पर जम कर बरसे उन्होने अपने उद्बोधन मे राज्य मे चल रही लूट खसोट नरेगा मे हेरा फेरी अराजकता अवैध खनन आदि पर जम कर राज्य सरकार पर प्रहार करते हुये कहा की राज्य सरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओ को डरा धमका कर उनका उत्पीड़न करने के अलावा कुछ नहीं कर रही।इसके साथ ही उन्होंने कहा की मीडिया पर भी भारी दबाव बनाकर सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है जबकि राज्य सरकार को सत्ता मे आये अभी दो वर्ष भी नहीं हुये है, अभी तो तीन वर्षो से अधिक समय का कार्यकाल बाकी है इसके बावजूद सभी वर्ग सरकार की कार्यशेली से पीड़ित एवम परेशान एवम उपेक्षित महसूस कर रहे है।

# इनर व्हील क्लब द्वारा मनाया तीजोत्सव

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। इनर व्हील क्लब द्वारा वान्या विलास होटल में दोपहर 3 बजे तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें एक फैशन शो भी आयोजित किया गया। इस शो की थीम उम्र से परे शालीनता थी, जिसमें 50 से 80 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब की सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। विजेताओं को सम्मानित भी किया गया, और इस शो की निर्णायक थीं डॉ. शैली। क्लब की अध्यक्ष श्रीमती अंजना सहाय ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि सचिव श्रीमती शारदा कटारिया सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य — जैसे कि श्रीमती अलका मित्तल, श्रीमती दया गर्ग, श्रीमती अभा सप्रा एवं पीडीसी श्रीमती पुष्पा गुप्ता — ने भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। वन्यविलास रिसोर्ट में ईनर व्हील क्लब द्वारा तीज के उपलक्ष में फैशन शो का आयोजन सायं 3 बजे किया गया द्य कार्यक्रम की थीम थी Elegance beyond age अर्थार्थ उम्र से परे इसमें 80 से 50साल की क्लब मेंबर्स ने भाग लिया।



# आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी- केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी

## केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने हरियालो राजस्थान 2025 अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में लिया हिस्सा

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। 26 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान 2025 अभियान के अंतर्गत आज अजमेर नगर निगम द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद श्री भागीरथ चौधरी ने सहभागिता कर पौधारोपण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है। वृक्ष न केवल जीवनदायिनी प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि पृथ्वी पर संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। आमजन से अपील की कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल भी करें, ताकि हमारे नगर और प्रदेश को हराभरा और स्वच्छ बनाया जा सके।

केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि राज्य और केंद्र सरकार पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्पबद्ध है। किसानों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि कृषि भूमि की गुणवत्ता में सुधार हो और ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली बढ़े। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि 'हरियालो राजस्थान' को जनआंदोलन बनाएं और इस नेक कार्य में व्यक्तिगत योगदान सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, भाजपा अजमेर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, नगर निगम महापौर श्रीमती ब्रजलता हाड़ा, उपमहापौर नीरज जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्षद, अधिकारी और आम नागरिक उपस्थित रहे।

# वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय में किया वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

## राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्य प्रदेश को हरियालो राजस्थान की दिलाएंगे पहचान - वन राज्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने हल्दीना स्थित राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिरकत कर अभियान का शुभारम्भ किया तथा प्रकृति के संरक्षण हेतु महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों को एक पेड मां के नाम अभियान एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अधिकाधिक पौधारोपण करने हेतु प्रेरित किया।

मंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से सारा विश्व चिंतित है क्योंकि प्रकृति से मानव से बहुत ही लिया तो है किंतु धरती मां को लौटाया कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड मां के नाम अभियान शुरू कर राजस्थान को 3 करोड पौधे लगाने का लक्ष्य दिया था, जिसको पूरा करते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विगत वर्ष सम्पूर्ण राजस्थान में 7 करोड 35 लाख पौधे लगाकर देश में प्रथम स्थान अर्जित किया, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कर प्रदेशवासियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में इस वर्ष 2 करोड पौधे लगाए जा चुके हैं तथा कल हरियाली तीज पर सम्पूर्ण राजस्थान में 2.50 करोड



पौधे लगाकर प्रकृति को संरक्षित करने का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एक पेड़ एक दिन योजना को हम सबको अमल में लाना है और सम्पूर्ण राजस्थान को हरित राजस्थान बनाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में राज्य सरकार जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही है उससे राजस्थान को आने वाले समय में मरू प्रदेश ना कहा जाकर हरियालो राजस्थान के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति के संरक्षण में पौधारोपण करने का आह्वान करते हुए कहा कि जिस प्रकार एक मां अपने बच्चों का लालन-पालन करती है उसी प्रकार हमें पौधारोपण का संकल्प लेकर पौधा लगाने तथा उसका रखरखाव करना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में 10 नए विभाग खोलने हेतु सरकार को अवगत कराने का आश्वासन दिया।इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कुलपति प्रोफेसर शील सिंधु पांडेय एवं प्रो. मुरली मनोहर पाठक ने पर्यावरण संरक्षण हेतु किए जाने वाले कार्यों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। कुलसचिव श्री लोकेश कुमार मीणा अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. प्रेमसिंह ने किया।

इस दौरान राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक श्री गोपाल कालरा, डॉ. आशुतोष,नीलेश पाण्डेय, डॉ. देवेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. गिरधारी लाल शर्मा, डॉ. डी.के प्रजापत, डॉ. गायत्री यादव, प्रो. सुभाष आनंद, मनीषा, श्री शंकर लाल वशिष्ठ सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# झालावाड़ के पिपलोदिया स्कूल हादसे के बाद कोटा में जागा प्रशासन

## शिक्षा विभाग के साथ, के डी ए, पीडब्लूडी, समसा, के अधिकारियों का फील्ड में दौरा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद कुमार गौड़ )** । शुक्रवार सुबह पिपलोदिया में हुए स्कूल हादसे के पास से राजस्थान भर के स्कूलों की जर्जर हालात पर सरकारी रेलम पेल शुरू हो गई,कोटा में जिला कलेक्टर के निर्देश पर सम्सा के एच एस हाड़ा, पीडब्ल्यूडी के एक्शन लखन मीणा स्टाफ के साथ नांता महल के फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए पहुंचे।

शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी पंकज पारिक, सी बी ई ओ स्नेहलता शर्मा, नेवी स्कूल का निरीक्षण किया।

तीन मंजिला महल का तीसरा तला बीएसटीसी कॉलेज के यहां से जाने के बाद से ही बंद है । केवल दूसरे तल पर यहां पर स्कूल संचालित है, तृतीय तल पर तो वैसे ही बंद था पहले तले पर लैबोरेट्री व, एक स्कूल कब से कक्षा कक्षा संचालित हो रहा है तल पर स्कूल संचालित हो रहा है ।

ऐसे मे, महल के आटे में स्थित अन्य लगी हुई इमारत में भी



स्कूल भवन संचालित हो रहा है।

खतरे वाले स्थान पर तीन सेट लगाने का दिया प्रस्ताव (कलर बोक्स

स्थानीय निवासियों में राजू सोनी सुदर्शन वशिष्ठ लटूर सैनी आदि ने स्कूल में 600 बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से अंतरिम राशि जारी करके स्कूल में मर्द मत कार्य करने के लिए अधिकारियों से निवेदन किया यहां का सबसे बड़ा खतरा छज्जे हैं जिन्हें घटना का मुख्य कारण मनाया जा सकता है आता है छज्जों के नीचे चार-चार फीट की लंबाई में मजबूत टीन सेट करवा दिए जाएं ताकि आकस्मिक छज्जा टूटने से कोई दुर्घटना या बच्चा घायल ना हो।

4 महीने पूर्व ही शिक्षा विभाग ने यहां संचालित बालिका प्राथमिक विद्यालय को सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मर्ज कर दिया था जिसके बाद से यहां पर छात्रों की संख्या बढ़कर पांच के ऊपर हो गई है ऐसे में नदी पार क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में सबसे अधिक संख्या वाला स्कूल बनने के बाद से यहां पर एडमिशन लेने वाले छात्रों की संख्या भी बढ़ने लगी है लेकिन जर्जर भवन और दुर्घटना संभावित हालात के चलते हैं अभी भाव को छात्रों में सदैव डर बना रहता है

नर्सरी से लेकर 12वीं तक संचालित है स्कूल 22 का है स्टाफ।

स्कूल भवन में खतरे का मुख्य कारण यहां बने हुए पत्थर के कलात्मक छज्जे हैं हालांकि यह मोटी में तीन से लेकर 5 इंच तक के मोटे हैं जो की काफी मजबूत बने हुए हैं और काफी अंदर तक दीवारों में लगे हुए हैं लेकिन बंदरों के प्राकृतिक आवास होने के कारण रहती है जिसके चलते काफी बार छज्जे यहां टूट चुके हैं इसके अलावा इस विद्यालय परिसर में अभी तक हादसे का दूसरा मामला देखने में सामने नहीं आया।

**22 में से 11 पद पर है स्थाई अध्यापक पंच आदेशों की प्रतीक्षा में कार्यरत**

जहां पर स्वीकृत 22 पदों में से केवल 11 पदों पर स्थाई रूप से शिक्षण कार्यरत हैं वहीं कुछ माह पूर्व मर्ज किए गए बालिका प्राइमरी स्कूल के पांच अध्यापक भी अभी यहां पर अग्रिम आदेश जारी होने तक यहां पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं । ऐसे में स्वीकृत 22 पदों में से यहां पर केवल और मात्र 16 अध्यापक ही कार्यरत है।

# हरियाली तीज पर रविवार को आयोजित होगा जिला स्तरीय वन महोत्सव

## प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक होंगे मुख्य अतिथि, कोटा जिले में हरियाली तीज पर 16 लाख पौधारोपण का लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )**। हरियालो राजस्थान महाअभियान के अंतर्गत रविवार को हरियाली तीज के अवसर पर जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन दोपहर एक बजे संत सुधा सागर ऑडिटोरियम, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, रावतभाटा रोड पर किया जाएगा।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी एवं सहकारिता राज्य मंत्री श्री गौतम कुमार दक पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। हरियाली तीज पर कोटा जिले में एक दिन में 16 लाख पौधे लगाए जाएंगे।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा एवं लाडपुरा विधायक श्रीमती कल्पना देवी होंगी। कार्यक्रम में कोटा जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती मंजू राजपाल, जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया, डीएफओ अपूर्व कृष्ण श्रीवास्तव सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। हरियालो राजस्थान के तहत विभागवार पौधारोपण लक्ष्य भी निर्धारित किए गए हैं। इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए संबंधित विभागों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों, विद्यालय परिसरों, अस्पतालों, खेल मैदानों, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पौधारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यार्थियों, सफाईकर्मियों, किसान संगठनों एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। प्रत्येक उपखंड में हरियाली तीज पर 50-50 हजार पौधे लगाए जाएंगे।

### प्रभारी मंत्री लेंगे समीक्षा बैठक

जिले के प्रभारी एवं सहकारी सहकारिता राज्य मंत्री श्री गौतम कुमार दक रविवार दोपहर 2.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में प्रभारी सचिव श्रीमती मंजू राजपाल, जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# उपखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलो के अधिकतर सरकारी विद्यालयों की हालात बदतर

## कहीं छत का प्लास्टर उखड़ा, कही पट्टी टूटी तो कहीं टपक रहा है छत से पानी

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )**। शुक्रवार को झालावाड स्कूल हादसे के बाद से उपखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में डर का माहौल बना हुआ है। उपखंड क्षेत्र के अधिकतर विद्यालय भवनों की स्थिति बदतर बनी हुई है। शनिवार को संवाददाता द्वारा उपखंड के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया तो लगभग सभी विद्यालय जर्जर हालात में मिले। कई विद्यालयों में तो विद्यार्थियों को पढ़ने हेतु प्रयाप्त कक्षा कक्ष ही नहीं मिले वही किसी विद्यालय की छत से प्लास्टर उखड़ा हुआ है, कही पर छत की पट्टियां टूटी हुई है, कही पर भवन की दीवारों में दरारे पड़ी हुई है तो कही पर छतों से पानी टपक रहा है। विद्यालय प्रधान ने इस बारे में अपने अधिकारियों को विद्यालय की स्थिति के बारे में अवगत कराया हुआ है। उसके बावजूद कई वर्षों से विद्यालयों के हालात जस के तस बने हुए है। शाला प्रधान ने बताया कि कई अधिकारी आए तथा कई चले हुए लेकिन समस्या जैसी कि जैसी बनी हुई हैं। विद्यालयों की जर्जर स्थिति को देखते हुए विद्यालयों में लगातार नामांकन कम होते जा रहे है।



# ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने बूंदी में मिशन हरियालो राजस्थान वन महोत्सव में लिया भाग

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )**। ऊर्जा राज्यमंत्री और बूंदी जिले के प्रभारी मंत्री, हीरालाल नागर, ने शनिवार शाम बूंदी पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मिशन हरियालो राजस्थान वन महोत्सव कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह कार्यक्रम, जो मूल रूप से हरियाली तीज को लेकर रविवार से शुरू होना था, झालावाड़ स्कूल हादसे के बाद आज शनिवार को ही आयोजित किया गया।प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर हर व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाने का आग्रह किया, ताकि पृथ्वी पर पेड़ों की कमी को दूर किया जा सके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण के सपने को साकार किया जा सके। इस मिशन हरियालो राजस्थान के तहत पूरे बूंदी जिले में 4 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रभारी सचिव कुंजी लाल मीणा, जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा,वन विभाग के अधिकारी, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, और केशोरायपाटन की पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल , आशा मीणा, सहित कई गणमान्य व्यक्ति और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य राज्य में हरियाली को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता फैलाना है। मंत्री नागर की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी अधिक महत्व और बल प्रदान किया।



# रोटरी क्लब के शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रह

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )**। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष सुनील बाफना के जन्मदिवस पर रोटरी क्लब कोटा एवं पिक्सल्स के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। अध्यक्ष मनोज सोनी ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल ज़रूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना नहीं था। बल्कि समाज में स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवता के प्रति चेतना जागृत करना भी रहा। सचिव नीरज अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान जीवनदान की भावना को साकार करते हुए, इस शिविर में समाज के अनेक जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर संजय जैन, अमित ठाकुर, अमन जैन, संदीप चांदीवाला, गोपाल जैन, गीतेश कंझोलिया, मुकेश चौधरी एवं नितिन अग्रवाल मौजूदरहे।



# हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव मुकेश गालव की इन्डोनेशिया जकार्ता में सफल कांफ्रेंस

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )**। उपरोक्त जानकारी देते हुए वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन के कोषाध्यक्ष श्री इरशाद खान ने बताया कि इन्टरनेशनल ट्रेड यूनियन कन्फडरेशन एशिया पैसेफिक द्वारा दिनांक 22 - 24 जुलाई 2025 तक इन्डोनेशिया जकार्ता मे एशिया पैसेफिक क्षेत्र मे फोर्स्ड लेबर और प्रवासी मजदूरो के अधिकारो और चुनोतियों एंव यूनियनो की एकजुटता पर कान्फ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें कॉमरेड मुकेश गालव ने भारत से प्रतिनिधित्व किया। इस कान्फेस मे प्रवासी श्रमिकों के अधिकारो और सुरक्षा, निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया जबरन मजदूरी से रोकने के लिए सामुहिक रणनीति को मजबूत



करना और एशिया पैसेफिक क्षेत्र मे यूनियनो के बीच क्षेत्रिय एकजुटता को बढावा देना सम्मानजनक काम सुनिश्चित करना, आर्थिक सामाजिक परिस्थियों पर चर्चा हुई। साथ ही साथ प्रवासी श्रमिकों के लिये ठोस कानून बनाने तथा संगठित करने का प्रस्ताव पारित किया गया, इस कान्फेस मे भारत, फिलीपीन्स, थाईलैण्ड, कंबोडिया, मलेशिया, इन्डोनेशिया, दक्षिणकोरिया, जार्डन, ओमान, नेपाल, बाग्लादेश, पाकिस्तान देशो के श्रमिक प्रतिनिधि भाग लिया।

इंडोनेशिया की सफल यात्रा से लौटने पर महामंत्री कॉमरेड मुकेश गालव का यूनियन के पदाधिकारियों तथा रेलकर्मचारियों द्वारा भरतपुर, बयाना, गंगापुरसिटी और सवाईमाधोपुर में जोरदार स्वागत किया गया। कोटा पहुंचने पर सैंकड़ों की संख्या में यूनियन कार्यकर्ताओं ने महामंत्री जी का स्वागत कर भव्य अगवानी की। कोटा में भव्य अगवानी में कोषाध्यक्ष कॉम इरशाद खान , सहायक महामंत्री कॉम नरेश मालव , बी एन शर्मा , ज्ञान दीक्षित , दीपक राठौर , मनोज गुप्ता , आशीष कटारा,ओ पी कश्यप , संतोष , मस्तराम , प्रशांत , किशन गोपाल मीणा , विजय कुमार , जूलियस , भगवान , देवेंद्र पाल , हरिकेश मीणा , नरेंद्र शर्मा , दिनेश , अरविंद सिंह , अब्दुल रफीक , दामोदर , ओम प्रकाश राजपूत , विश्वेंद्र , कलाम मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

# बूंदी के केशव कांत गौतम ने स्पेन से प्राप्त की कृषि विज्ञान में PhD, बूंदी का नाम किया रोशन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )**। बूंदी की मधुवन कॉलोनी के निवासी और कृषि वैज्ञानिक केशव कांत गौतम ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान , वाराणसी में कार्यरत रहते हुए स्पेन की यूनिवर्सिटी ऑफ अल्मेरिया से कृषि विज्ञान में उत्कृष्ट ग्रेड के साथ पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर बूंदी का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन किया है।डॉ. गौतम को स्पेनिश यूनिवर्सिटी का सर्वोच्च सम्मान कुम लाउधे भी प्रदान किया गया है। उन्होंने यह उपलब्धि नेताजी सुभाष-भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अंतर्राष्ट्रीय फेलोशिप के माध्यम से हासिल की। उनका शोध कार्य स्क्वैश कद्दू (जुकिनी) में महत्वपूर्ण गुणों के नियमन में एथिलीन, जैस्मोनेट्स और जिबरेलिन्स की भूमिका को उजागर करने वाले कार्यात्मक जीनोमिक अध्ययन पर केंद्रित था। इस शोध से सामान्य और लवणता तनाव की स्थितियों में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन बनाए रखने की चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिलेगी, जो भारत की राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली की प्राथमिकताओं के अनुरूप है।डॉ. गौतम अब अपनी विशेषज्ञता का उपयोग आईसीएआर-ढ्ढढ्ढङ्कक्र, वाराणसी में जैविक और अजैविक तनाव-सहिष्णु किस्मों के विकास और सब्जियों के क्षेत्र में कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग करने के लिए करेंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने इसे आईसीएआर के कृषि अनुसंधान समुदाय के लिए गर्व का क्षण बताया।

डॉ. गौतम की इस सफलता पर उन्होंने कहा, यह सफर चुनौतीपूर्ण तो था, लेकिन अत्यंत संतुष्टिदायक रहा।



# धाकड़ समाज 13 अगस्त को मनाएगा भगवान बलराम (धरणीधर) का जन्मोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )**। धाकड़ समाज छात्रावास निम्बाहेड़ा में आयोजित समाजजनों की बैठक में धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान बलराम (धरणीधर) का जन्मोत्सव कार्यक्रम विशाल शोभायात्रा के साथ 13 अगस्त 2025 को निम्बाहेड़ा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद धाकड़ टाई का खेड़ा ने बताया कि समाज के आराध्य देव बलराम भगवान का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया, जिसकी तैयारी बैठक में निर्णय लिया गया कि शोभायात्रा सुबह 10.30 से निम्बाहेड़ा स्थित दशहरा मैदान (ढाबेश्वर महादेव) से प्रारंभ होकर पीपल चौक, रेलवे स्टेशन, रामद्वारा, पुराना नेहरू पार्क, कैची चौराहा, चंदन चौक, मंडी चौराहा, जिला चिकित्सालय के बाहर होते हुए निंबाहेड़ा स्थित धाकड़ समाज छात्रावास में शोभायात्रा पहुंचेगी, जहां समाजजनों का स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक के दौरान उपस्थित समाजजनों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। आयोजन को लेकर समाजजन प्रत्येक गांव में जाकर समाज जनों को आमंत्रित करेंगे।



बैठक छात्रावास कमेटी के अध्यक्ष बगदीराम धाकड़ चंगेडी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में निंबाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, बड़ीसादड़ी, छोटीसादड़ी, डूंगला, भदेसर, कनेरा क्षेत्र सहित उदयपुर जिले से जुड़े हुए गांव के समाजजन शामिल होंगे।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष भूरालाल बंबोरा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रहलाद कनेरा, प्रदेश मंत्री किशनलाल अध्यापक कनेरा, उंखलिया सरपंच ओंकार लाल, नंदकिशोर धाकड़, संतोष तलावदा, युवा संघ प्रदेश महामंत्री अशोक जावदा, गोपाल लूंदा का खेड़ा, गणपत सुखपुरा, दशरथ सरपंच भट्ट कोटडी, सरपंच बाबूलाल सेमलिया, पूर्व उप सरपंच दिनेश सेमलिया, जुगल किशोर भाजपा मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, शिवलाल लक्ष्मीपुरा, युवा संघ के रमेश भेरूसिंह जी का खेड़ा, जिला परिषद प्रत्याशी शांतिलाल सेमलपुरा, सागरमल चरलिया, अमरचंद वकील मेलाना, बंशीलाल करथाना, अरविंद, प्रहलाद, राहुल, रामलाल, नंदकिशोर, सतीश, भगवतीलाल, श्यामलाल सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# लगातार हो रही बारिश से पक्का मकान ढहा, बड़ा हादसा टला

बढ़ता राजस्थान

लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड न. 24, महावीरपुरा में एक पक्का मकान शुक्रवार को हुई तेज बारिश के चलते शनिवार को सुबह भड़भड़ाकर ढह गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महावीरपुरा निवासी राजेंद्र गुर्जर के पक्का मकान का पीछे का हिस्सा शनिवार को अचानक भरभरा कर गिर गया। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के समय मकान के उस हिस्से में कोई मौजूद नहीं था। राजेंद्र स्वयं ड्यूटी पर गए हुए थे और बच्चे स्कूल में पढ़ने गए हुए थे, वही पत्नी घटना के समय मकान के आगे के हिस्से में छत पर कुछ काम कर रही थी। इस हादसे में कमरे में रखा घरेलू सामान मलवे में दब गया।



# छात्रवृति हेतु संस्था प्रधान तथा विद्यार्थियों से संपर्क साधा, फार्म भरने हेतु प्रेरित किया

बढ़ता राजस्थान

लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)। भारत सरकार के निर्देशानुसार लाखेरी क्षेत्र के चुनापत्थर एवं डोलोमाइट खान श्रमिक एवं बीड़ी श्रमिकों के बालक बालिकाओं के छात्रावृति हेतु आवेदन भरवाने के लिए चिकित्सा प्रभारी भारत भूषण शर्मा ने विभिन्न विद्यालयों तथा संस्थानों में जाकर, प्रधानाध्यापक, विद्यालय संचालक एवं विद्यार्थियों से संपर्क साधा। इस दौरान केंद्रीय आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, एसीसी कॉलोनी के वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर भारत भूषण शर्मा ने छात्रावृति योजना की विस्तृत जानकारी दी तथा पात्र विद्यार्थियों को नेशनल स्कालरशिप पोर्टल के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन भरने हेतु प्रेरित भी किया।

# ताले में बंद हुई पढ़ाई, खुल गई सरकारी लापरवाही की पोल

## निमाणा में स्कूल पर जड़ा ताला, ग्रामीण बोले - अब सिर्फ़ कार्रवाई चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी( नि.स. )**। राजस्थान की सरकारी शिक्षा व्यवस्था की खस्ताहाली का एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। रामगंजमंडी क्षेत्र के निमाणा गांव में शनिवार सुबह 8 बजे ग्रामीणों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़कर विरोध जताया।

गांव वालों का दो टूक कहना है अब वादे नहीं, लिखित कार्रवाई चाहिए।

**70 साल पुरानी बिल्डिंग - दो साल पहले ग्रामीणों ने करवाई थी मरम्मत**

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय की बिल्डिंग सात दशक पुरानी है। सरकार की अनदेखी के चलते दो साल



पहले खुद ग्रामीणों को पैसे जुटाकर मरम्मत करवानी पड़ी थी, लेकिन उसके बाद भी कोई स्थायी सुधार नहीं हुआ।

**भवन की भयावह स्थिति**

बरसात में छत से पानी टपकता है,दीवारों में गहरी दरारें हैं,सरिए बाहर झांक रहे हैं ऐसे हालात में पढ़ाई नहीं, हादसे की आशंका रहती है।

**पिपलोदी हादसे ने उभारा जनाक्रोश**

हाल ही में झालावाड़ के पिपलोदी गांव में स्कूल की छत गिरने से हुई एक दर्दनाक मौत ने निमाणा के ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया। अब गांव वाले एक स्वर में कह रहे हैं हम अपने बच्चों की जान खतरे में नहीं डाल सकते।

प्रशासन मौन, भरोसे की डोर टूटी

विरोध की सूचना मिलते ही तहसीलदार नेहा वर्मा मौके पर पहुंचीं, लेकिन ग्रामीणों ने साफ़ इनकार कर दिया कि जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक ताले नहीं खुलेंगे।

**10 अगस्त तक कार्य स्वीकृति का आश्वासन, तब जाकर खुला ताला**

प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया किनाले किनारे बने कक्षा-कक्ष,छात्र-छात्राओं के शौचालय,तथा सम्पूर्ण परिसर (नवीन निर्माण को छोड़कर)का निर्माण कार्य 10 अगस्त 2025 तक स्वीकृत करवा दिया जाएगा। इस लिखित आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने स्कूल का ताला खोला।

# आज राजस्थान उम्मीदों से है भरा, हम सिर्फ वादे करते नहीं, निभाते भी हैं : उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा

### वंदे गंगा में जल संरक्षण से लेकर अंत्योदय पखवाड़े में वर्षों पुरानी समस्याओं को हल करने तक, हर क्षेत्र में हुए अभिनव प्रयास

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद ( नि.स. )।** उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने शनिवार को राजसमंद कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार द्वारा गत 18 माह में किए गए उल्लेखनीय एव परिवर्तनकारी विकास कार्यो पर प्रकाश डाला। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, जिला प्रभारी सचिव डॉ रवि कुमार सुरपुर, जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल आदि उपस्थित रहे। डॉ. बैरवा ने कहा कि राजस्थान में विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण जल की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती रही है। अतीत में इस समस्या को लेकर सिर्फ राजनीति होती थी, लेकिन हमने बंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के माध्यम से राजस्थान को जल संपन्न बनाने का प्रयास किया है । सिर्फ 15 दिन अर्थात पाँच जून से बीस जून तक ढाई करोड़ लोगों ने इस अभियान में भाग लिया। यह कोई छोटी बात नहीं है। यह दिखाता है कि जब सरकार का इरादा सच्चा होता है, तो जनता भी पूरे जोश के साथ सहयोग के लिए आगे आती है। इस अभियान में 42 हजार 200 से अधिक जल स्रोतों के साथ ही 73 हजार 900 से अधिक अस्पतालों, स्कूलों एवं कार्यालयो की साफ सफाई की गई। और सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि इसमें सवा करोड़ से अधिक महिलाओं ने भाग लिया है और जल संचय जन भागीदारी की गतिविधियाँ 21 मार्च 2026 तक निरंतर आयोजित की जाएगी। कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान चलाया। आज जो राजस्थानी भाई-बहन देश-विदेश में बसे हैं, वे भी अभियान से प्रेरणा लेकर अपने गांवों की पानी की समस्या का समाधान कर रहे हैं। आज वे अपनी जड़ों से जुड़कर राजस्थान के गावों की तकदीर बदल रहे हैं।

### लाखों समस्याओं का हुआ समाधान

डॉ. बैरवा ने कहा कि हमने अगले चार सालों में 45,000 जल संरचनाएं बनाने का लक्ष्य रखा है। यह सिर्फ एक योजना नहीं है, यह हमारा मिशन है। अंत्योदय संबल पखवाडा में सरकार आपके द्वार अभियान चलाया गया। हमारे अधिकारी खुद गांव-गांव पहुंचे। सिर्फ 15 दिनों में हमने लाखों समस्याओं का समाधान किया। जमीन के झगड़े सुलझाए, बिजली के तार ठीक करवाए, पानी के कनेक्शन दिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह हुई है कि लोगों के दिलों में यह भरोसा जगाया कि सरकार उनकी है, उनके लिए है। राजस्व विभाग ने अकेले 56 हजार 948 सीमांकन और एक लाख तीस हजार आठ सौ बहतर नामांतरण, 26 हजार 670 सहमति विभाजन, 7743 पथरगढी, 28 हजार 392 रास्तो से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। यह था हमारी सरकार का जनता के प्रति समर्पण। पंचायती राज विभाग ने नौ लाख तियालीस हजार स्वामित्व पट्टे देकर ग्रामीणों को जमीन का मालिकाना हक दिया गया, जबकि विगत कांग्रेस सरकार ने पाँच साल में केवल एक लाख पचहत्तर हजार लोगों को ही पट्टे जारी किए थे।

### हरियालो राजस्थान के तहत लगे प्रदेश में 7 करोड़ पौधे

डॉ. बैरवा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में हमने हरियालों राजस्थान अभियान के तहत साढ़े सात करोड़ पौधे लगाए हैं। अतीत में पर्यावरण संरक्षण सिर्फ कागजों में था, आज यह धरातल पर दिखाई दे रहा है। हमारा लक्ष्य है 50 करोड़ पौधे लगाना। यह सिर्फ पर्यावरण संरक्षण नहीं है, यह है भावी पीढ़ियों के लिए हमारा उपहार । आज जब मैं इन सभी उपलब्धियों को देखता हूं, तो मुझे एहसास होता है कि यह सब केवल इसलिए संभव हुआ है क्योंकि हमारे पास सच्चा इरादा था, एक साफ नीयत थी, और जनता का पूरा साथ था।

## कारगिल विजय दिवस पर भाजपा मंडल द्वारा वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान



**नदबई/ भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** भाजपा शहर मंडल कार्यकर्ताओं ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वीर जवानों की याद में अपना मंदिर पर विभिन्न प्रकार के 11 पौधों का रोपण किया। तदोपरांत बूथ संख्या 53 पर एक पेड़ माँ के नाम एवं हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अपना मंदिर पर वृक्षारोपण किया। नदबई शहर मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर संयोजक धर्मेन्द्र भातरा, विनीत गुप्ता, बाबूलाल जिंदल, हरिओम शास्त्री, गोपाल कोली, सुनील गुप्ता, ओमप्रकाश सिनसिनवार, हिमांशु जिंदल, बबलू सोनी जी, विष्णु दत्त शर्मा, खेमचंद, अतुल, राहुल, सुरेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

## शांति व्यवस्था के लिए पुलिस का फ्लैग मार्च

बढ़ता राजस्थान

**वैर /भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** थाना अधिकारी नरेंद्र सिंह राजावत के निर्देशन में कस्बा के प्रमुख मार्गो एवं बाजार में होकर फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना अधिकारी राजावत ने बताया कि नशा पर प्रतिबंध लगाने एवं शांति व्यवस्था के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है। बाजार में होकर प्रजापत समाज द्वारा निकाली जाने वाली शोभायात्रा को मद्दे नजर रखते हुये बाजार में हो रहे अतिक्रमणो को हटाने के लिए दुकानदारों को निर्देश दिए गए ।

## रियासत कालीन किले में चलता विद्यालय, जर्जरावस्था में है किले की दीवारें कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर उपखंड अंतर्गत ग्राम बल्लभगढ़ स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जो रियासत कालीन किले में चलता है। उसके मुख्य दरवाजे की आधी दीवार एक साल पूर्व भरभरा कर गिर गई थी जिसमें कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। नीचे प्राथमिक विद्यालय चलता है। जिसमें छोटे-छोटे बच्चे विद्या अध्ययन करते हैं। आधी बची हुई दीवार बड़े हादसे को न्योता दे रही है। कई बार प्रशासन को अवगत कराया मगर अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। बल्लभगढ़ के शिक्षाविद डॉक्टर यजुवेंद्र बंसल एवं जगबीर सिंह ने बताया कि बच्चों को 1 किलोमीटर का चक्कर लगाकर विद्यालय जाना पड़ता है। एवं आधी दीवार व गेट का टूटकर गिरने का खतरा हर समय बना हुआ है। भविष्य में कोई बड़ा हादसा होता है तो समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। डॉक्टर यजुवेंद्र बंसल ने शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर जर्जर दीवार की मरम्मत शीघ्र कराने की मांग की है। जिससे भविष्य के खतरे से बचा जा सके।एवं कोई जनहानि न हो।

## अवैध देशी शराब एवं अवैध गांजा बेचते दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर उपखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 स्थित थाना खेड़ली मोड़ पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देश एवं वृत्ताधिकारी वृत्त भुसावर धर्मेन्द्र शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी बलराम यादव ने टीम गठित करअवैध देशी शराब 185 पव्वे के साथ एक व्यक्ति एवं 3 किलो ग्राम अवैध गांजे के साथ एक ही गांव से दूसरे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रन्धीरसिंह उर्फ रामू पुत्र धर्मवीर जाति जाट उम्र 28 साल निवासी भैसीना थाना खेडली मोड को अवैध देशी शराब/ देशी मदिरा लाल ढक्कन कुल 185 पब्बा सहित एवं धर्मवीर पुत्र सुगडसिह जाति जाट उम्र 50 साल निवासी भैसीना थाना खेडली मोड को3.00 किग्रा अवैध गांजा सहित गिरफतार किया गया है।

### ये रहे टीम में शामिल

थाना अधिकारी बलराम यादव के साथ सहायक उप निरीक्षक महेश चंद, हैड कांस्टेबल भूरी सिंह, कांस्टेबल अमित कुमार, गोपाल सिंह व हेमराज सिंह, वाहन चालक श्याम वीर सिंह।

## घुमंतु परिवार मंत्री के साथ संवाद के लिए भरतपुर रवाना



बढ़ता राजस्थान

**वैर/ भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** घुमंतु परिवारों को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से संवाद करने के लिये के लिए वैर पंचायत समिति से भरतपुर के लिए एसडीएम सचिन यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में विकास अधिकारी , ब्लॉक कोऑर्डिनेटर वैर, चंद्रभान गुर्जर कनिष्ठ आदि कर्मचारियों अधिकारियों ने भाग लिया।

## कारगिल विजय दिवस मनाया, पिपलोदी के मृत विद्यार्थियों के लिए 2 मिनट का मौन रखा

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** ढेलाणा 26 जुलाई 1999 को भारत ने पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध पर शानदार विजय प्राप्त की। 26 जुलाई को भारत में कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। कारगिल विजय दिवस हमारे वीर सैनिकों की बहादुरी, देशभक्ति और बलिदान को याद करने का दिन है । राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढेलाणा परिवार ने 25 जुलाई को झालावाड़ के मनोहर थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपलोदी में विद्यालय भवन की छत गिरने से सात मासूम विद्यार्थियों की अकाल मृत्यु हो जाने पर 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी।

तेज बारिश में ढह गई शेरगढ़ किले की तीस फीट ऊंची दीवार, मंदिर में थे श्रद्धालु तो बचे

## महंत बोले कि किले का वजूद धीरे-धीरे हो रहा समाप्त, पुरातत्व विभाग नहीं दे रहा ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** बारिश के कारण शेरगढ़ किले की बुलंद दीवार ढह गई। जिसके चलते भक्त शेरगढ़ वाले हनुमान मंदिर के दर्शन करने से वंचित रह गए। लगभग 30 फीट ऊंची दीवार भरभराकर किले के रास्ते पर आ गिरी। प्राचीन शेरगढ़ हनुमान मंदिर के महंत दीपक अवस्थी ने बताया कि घटना सुबह 8 बजे की है। वह मंदिर में पूजा-पाठ में व्यस्त थे, तभी अचानक जोरदार आवाज सुनाई दी। जब जाकर देखा तो किले में आगमन द्वार के सामने वाली दीवर बीच रास्ते में आ गिरी। लगभग 30 फीट ऊंची दीवार मलबा सहित किले के मुख्य रास्ते गिरी। दीवार ढ़हने से किले में आने और जाने का रास्त पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। इस बात की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी गई। जिसके बाद नगर परिषद ने जेसीबी भेजकर शेरगढ़ किले के मुख्य मार्ग पर पड़े दीवार के मलबे को हटाना शुरू कर दिया है। मंदिर के महंत दीपक अवस्थी ने बताया कि शेरगढ़ किला पुरातत्व विभाग के अधीन है, इसकी देखरेख भी केंद्रीय पुरातत्व विभाग करता है। लेकिन पुरातत्व विभाग शेरगढ़ किले की दुर्दशा पर बिल्कुल भी गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है।

### भक्तों ने मिलकर कराया जीर्णोद्धार

देवस्थान विभाग और भक्तों ने मिलकर हाल ही में हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार भी कराया है। लेकिन लगातार दीवार ढहने की घटनाओं से पर्यटक और भक्त भयभीत है। पिछले साल भी बरसात के कारण वॉच टावर वाली दीवार का कुछ हिस्सा ढह गया था। उस समय भी पुरातत्व विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था। लेकिन विभाग ने कोई ध्यान नही दिया। जिसके कारण शेरगढ़ किले का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। पुरातत्व विभाग से इसकी निर्माण की मांग है।

## किरण फाऊंडेशन बनी निश्चय मित्र

**भुसावर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** मानव सेवा कल्याण में अपना योगदान देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छोकरवाड़ा कला पर टीवी नामित रोगियों के लिए किरण फाउंडेशन द्वारा निश्चय मित्र योजना के अंतर्गत प्रोटीन युक्त किट प्रदान की है । नामित रोगी के लिए जब तक राज्य सरकार की ओर से उसका उपचार जारी रहता है प्रति माह प्रदान की जाती है यह कहना है सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर टीवी देवेंद्र कुमार शर्मा का । देवेंद्र कुमार शर्मा के सानिध्य में छौकरवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीवी रोगियों के लिए किरण फाउंडेशन द्वारा प्रोटीन युक्त कीटों का वितरण किया गया। इस अवसर पर किरण फाऊंडेशन के मनीष गुप्ता, योगेश अग्रवाल सहित पूर्व जिला प्रमुख द्वारका प्रसाद गोयल ,सुभाष बंसल ,महेश कुमार एसटीएलएस, डॉ पुष्पेंद्र देवेंद्र सिंह एसएनओ उपस्थित रहे।

## मंडी में चरने गई घोड़ी के सिर पर धारदार हथियार से हमला, घोड़ी की हुई मौत

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के बसेड़ी रोड स्थित कृषि उपज मंडी में चरने गई एक घोड़ी शुक्रवार की शाम रेलवे सिग्नल के पास मृत अवस्था में मिली है। पीड़ित घोड़ी पालक को जब किसी ने घर जाकर जानकारी दी तो वह भागते हुए मौके पर पहुंचा। जहां घोड़ी मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। घोड़ी के सिर पर किसी ने धारदार हथियार से हमला किया है। जिसके घाव में से लगातार खून रिसाब होने से उसकी मौत हो गई। शहर के गुमट क्षेत्र के जमालपुरा निवासी पीड़ित घोड़ी पालक राधेश्याम पुत्र सुंदरलाल पटवा ने बताया कि वह घोड़ी पालन का काम करता है। उसकी घोड़ी शादी और अन्य समारोह में किराए पर जाती है। जिससे उसका और परिवार का पेट पालन होता है। शुक्रवार को दिन में वह 11बजे अपनी घोड़ी को रोज की तरह कृषि उपज मंडी परिसर में चरने के लिए छोड़कर आया था। शाम को वह लेने जाता इससे पूर्व ही किसी ने उसको सूचना दी कि उसकी घोड़ी के सिर पर दो लोगों ने कुल्हाड़ी से हमला किया है। जिससे वह घायल है और सिग्नल के पास देखी है। इस पर वह अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचा तो घोड़ी मृत अवस्था में पड़ी थी। उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया था जिससे खून लगातार बह रहा था। घटना को लेकर पीड़ित घोड़ी पालक राधेश्याम पुत्र सुंदरलाल पटवा ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है और पुलिस से आरोपियों का पता लगाने और कानूनी कार्रवाही की मांग की है। पीड़ित घोड़ी पालक का आरोप है कि इससे पूर्व भी उसकी चार घोड़ियों को अज्ञात आरोपियों ने इसी प्रकार अलग अलग समय मौत के घाट उतार दिया। जिसकी वह पूर्व में प्राथमिकी थाने पर दे चुका हैं लेकिन कोई कार्यवाही नहीं

## गिट्टी से भरे डंपर ने बस को मारी टक्कर, दूसरी घटना में महिला डॉक्टर की कार से बाइक सवार दो बच्चे जख्मी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग 44 पर गुरुवार की देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। कैंथरी रिजोर्ट के पास तेज रफ्तार गिट्टी से भरे डंपर ने आगे चल रही बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी आकाश ने बताया एक बस जयपुर जा रही थी, जिसमें पीछे से डंपर ने जोरदार टक्कर मारी। इस सड़क दुर्घटना में कोई बस यात्री चोटिल नहीं हुआ, लेकिन डंपर आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस यात्रियों से जानकारी करने पर पता लगा कि बस जयपुर जा रही थी और गिट्टी से भरा डंपर हाथरस जा रहा था। हादसा लगभग रात 10.30 से 11 बजे के बीच हुआ। इस मामले को लेकर थाना निहालगंज प्रभारी प्रमेन्द्र रावत ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस पहुंच गई थी। लेकिन उक्त मामले में बस मालिक की ओर से पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई, जिसके चलते डंपर चालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस दुर्घटना में कोई चोटिल नही हुआ है। सभी लोग सुरक्षित थे। बस थोड़ी देर बाद जयपुर के लिए रवाना हो गई थी। शहर में दूसरी घटना थाना कोतवाली अंतर्गत गौरव पथ पर घटी। जिसे लेकर थाना कोतवाली में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। कार से टक्कर मारने का आरोप डॉ. आशा जिंदल पर लगा है। दर्ज एफआईआर में प्रार्थी सचिन सेडवाल ने बताया है कि वह 24 जुलाई की सुबह बच्चों को बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहे थे। तभी स्कूल के नजदीक एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और उनकी बाइक स्कूल की बाउंड्रीवॉल से जाकर टकरा गई। इस हादसे में मेरे बेटे अवनीश सेडवाल के हाथ में दो जगह फ्रैक्चर हुआ है और बेटी नम्रता सेडवाल के पैर में चोट आई है। जिनका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

# पवित्र श्रावण मास में कपासन के श्रीसेमलिया महादेव सुरपुर से श्रद्धालुओं द्वारा विशाल जल कावड़ यात्रा का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** पवित्र श्रावण मास में जल कावड़ यात्रा का श्री सेमलिया महादेव सुरपुर से शनिवार को आयोजन किया गया। जिसमे शिवभक्तों ने धार्मिक भजनों पर झूमते हुवे हर हर महादेव के जयकारों के साथ भाग लिया। जानकारी अनुसार देवो के देव महादेव की भक्ति से प्रेरित पवित्र श्रावण मास में उपखण्ड क्षैत्र कपासन के ग्राम सुरपुर स्थित श्री सेमलिया महादेव से भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा विशाल जल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे श्रद्धालुओं एवं शिव भक्तों द्वारा हर हर महादेव,जय भोलेनाथ, जय महाकाल आदि जयकारों सहित भगवान भोलेनाथ की भक्ति से ओतप्रोत धार्मिक गीत एवं भजनों पर झूमते-नाचते भक्तिरस का आनंद उठाया गया। यहां श्री सेमलिया महादेव सुरपुर से प्रारंभ विशाल जल कावड़ यात्रा का ग्राम पाण्डोली स्टेशन पहुंचने पर उपसरपंच प्रेम देवी खण्डेलवाल की अगुवाई में जल कावड़ में शामिल श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इसके बाद कांवड़ियों द्वारा ग्राम पाण्डोली स्टेशन स्थित चारभुजा मंदिर परिसर में महादेव का भव्य जलाभिषेक कर प्रथम बार आयोजित जल कावड़ यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पाण्डोली स्टेशन उपसरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण खण्डेलवाल, पिन्टु सुखवाल, रतन पणत, भाजपा ग्रामीण मण्डल मंत्री ललित खण्डेलवाल, नारायण सिंह राजपूत, तुलसीराम भट्ट, जगदीश जोशी, कालुराम जाट, दिनेश बील सहित स्थानीय ग्रामवासी एवं युवा वर्ग उपस्थित रहे।

# दिल्ली में आयोजित कांग्रेस के भागीदारी न्याय सम्मेलन में कपासन के पदाधिकारियों ने भाग लिया




बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** विधानसभा क्षेत्र कपासन के ओबीसी कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिल्ली में आयोजित कांग्रेस के भागीदारी न्याय सम्मेलन में भाग लेकर ओबीसी वर्ग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। जानकारी अनुसार अखिल भारतीय ओबीसी कांग्रेस द्वारा आयोजित भागीदारी न्याय सम्मेलन का दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजन किया गया।जिसमे राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।उक्त सम्मेलन का उद्देश्य ओबीसी वर्ग के अधिकारों एवं जातिगत जनगणना आदि महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करना था। इधर कांग्रेस द्वारा देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित भागीदारी न्याय सम्मेलन में जिला चितौड़गढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। इस सम्मेलन में चित्तौड़गढ़ ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश जाट मेवदा, कपासन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाललाल गुर्जर सांवता, निवर्तमान कपासन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत, युवा कांग्रेस जिला सचिव गोपाल जाट दौलतपुरा द्वारा भाग लिया गया।साथ ही उक्त कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा सम्मेलन में ओबीसी वर्ग की सत्ता एवं संगठन में भागीदारी बढ़ाने को समर्थन देते हुवे राहुल गांधी द्वारा जातिगत जनगणना की मांग करने पर आभार व्यक्त किया।जिससे ओबीसी समुदाय की संख्या का पता लग सकेगा।

# राजकीय विद्यालय कपासन में पौधे वितरित कर पर्यावरण का महत्व बताया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर के मुख्य स्थित पीएम श्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन में शुक्रवार को हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया।जिसमे एसडीएमसी सदस्य,विधायक प्रतिनिधि एवं बार एसोसिएशन कपासन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव, कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा युवा मोर्चा कपासन अध्यक्ष विकास बारेगामा,नपा अधिवक्ता सुरेश शर्मा, राजकीय अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह राठौड़ आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस दौरान राजकीय में अध्ययनरत विद्यार्थियो को आगंतुक अतिथियों द्वारा पौधे वितरित कर विद्यालय परिसर में पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।साथ ही विद्यार्थियों को पौधों की सुरक्षा का दायित्व निर्वाह करने हेतु शपथ दिलाई एवं पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण का महत्व बताया गया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सैयद इरफान अली द्वारा सभी आभार व्यक्त किया गया।

# थाना माण्डल पुलिस ने अवैध खनन करते 6 गिरफ्तार, 2 जेसीबी और 6 ट्रैक्टर जब्त

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** थाना माण्डल पुलिस ने कोठारी नदी से अवैध बजरी खनन करते हुए 2 जेसीबी और 6 ट्रैक्टर जब्त कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसपी भीलवाड़ा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, एएसपी सहाडा रोशनलाल पटेल के मार्गदर्शन और वृताधिकारी मेघा गोयल के सुपरविजन में थानाधिकारी विकम सेवावत के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई, जिसमें पुलिसकर्मी पाचूलाल, शिवलाल, मंगल सिंह, रामप्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, सम्पत लाल व गुलाब सिंह शामिल थे। आरोपियों ने बिना लाइसेंस के जेसीबी से कोठारी नदी में खनन कर ट्रैक्टरों में बजरी भरकर अवैध परिवहन किया।

### 10 घंटे बाद बनी सहमती, धरना प्रदर्शन हुआ समाप्त

# दस लाख आर्थिक सहयोग, संविदा पर नौकरी संतुष्ट हुए परिजन

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** शहर के पास छोटी पड़ाप में संचालित निजी आईटीआई संस्थान में शुक्रवार को करंट की चपेट में आने से 22 वर्षिय युवक अभिषेक सैनी की मौत हो गई थी। हादसे से आक्रोसित माली समाज के लोगो ने संस्थान के सामने नैनवां वाया उनियारा रोड़ पर शव को लेकर प्रदर्शन किया गया। स्थानीय प्रशासन ने पीड़ित परिजनो एंव समाज के लोगो से समझाइस की गई। लेकिन बात नहीं बन पाई। देर रात्रि के करीब 3 बजे पंचायत समिति के सभागार में पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी की मध्यस्थता में प्रशासनिक अधिकारियो के बीच वार्ता हुई। प्रशासनिक अधिकारियो में उपखण्ड अधिकारी प्रीति मीणा, डीएसपी राजूलाल मीणा, दबलाना थानाधिकारी तेजपाल सैनी के बीच वार्ता में 10 लाख का आर्थिक सहयोग, संविदा पर नौकरी दिया जाने पर सहमती बनी। वार्ता सफल होने के बाद पुलिस प्रशासन ने मृतक का शव मोर्रचरी में रखवाया गया। वार्ता के दौरान नैनवां प्रधान पदम नागर,सरपंच संघ अध्यक्ष बांसी सरपंच सत्यप्रकाश शर्मा, टोंक सैनी समाज जिलाध्यक्ष पाचुलाल सैनी, पुर्व जिलाध्यक्ष बद्रीलाल सैनी, हैमराज सैनी, पूर्व चैयरमेन प्रमोद जैन, दीपक चोपड़ा पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी, सरपंच धनपाल बडोली, पप्पूलाल सैनी दुगारी, सीताराम सैनी खानपुरा, प्रमोद सैनी, मोनु सैनी,गोविंद सैनी भवानीकर सैनी सहित अन्य समाज के प्रबुद्वजन मौजूद रहे।





## साढ़े 6 लाख का चैक,ढेड़ लाख दिये नगद

पीड़ित परिजनो को आर्थिक संबल के तौर पर साढे 6लाख का चैक एंव ढेड लाख रूपये नगद दिये गये। शेष 2 लाख की राशि भी शीघ्र दिया जाने की बात कही गई। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी प्रीति मीणा ने प्रबुद्वजनो की मौजूदगी में पीड़ित परिवार को चैक एंव नगद राशि दी गई। संविदा पर एक जने को नौकरी दिया जाने की कार्यवाही भी शीघ्र ही की जाने की बात कही गई। गौरतलब रहे कि आईटीआई छात्र अभिषेक सैनी की करंट की चपेट में मौत हो जाने पर नैनवां क्षेत्र में धरना प्रदर्शन करीब 10 घंटे तक जारी रहा। तनाव पूर्ण हालात को देखते हुए करवर,देई,दबलाना का पुलिस जाप्ता भी नैनवां में तैनात रहा। प्रकरण का पटापक्षेप होने पर प्रशासनिक अधिकारियो ने राहत की सांस ली।

## मेडिकल बोर्ड़ से हुआ पोस्टमार्टम

शनिवार को उपजि ला चिकित्सालय की मोर्रचरी में परिजनो की मौजूदगी में पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद शव का मेडिकल बोर्ड़ से पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो को सुर्पद किया गया। पुलिस ने प्रकरण मृर्ग में दर्ज करके जॉच शुरू की गई।

# पूर्ण्य स्मृति में परिवारजनों ने स्कूली बच्चों को किया बैग वितरण


बढ़ता राजस्थान

**करवर ( राकेश नामा )।** क्षेत्र में तलवास पंचायत मुख्यालय पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा एक से आठवीं तक के समस्त छात्र छात्राओं को एवम् संस्कृत प्राथमिक विद्यालय तलवास के छात्र छात्राओं को स्वर्गीय राम लक्ष्मण शर्मा,सेवा निवृत प्रधानाध्यापक तलवास की पूर्ण्य स्मृति में विद्यालय परिसर में समारोह आयोजित कर छात्र छात्राओं को बेंग वितरण किये गये । समारोह में उनके पुत्र रजनी कान्त शर्मा, से.नि. व.अध्यापक राजेश्वर दयाल शर्मा,से.नि. लेखाधिकारी नरोत्तम शर्मा, से.नि.प्रधानाचार्य तथा लक्ष्मी शर्मा, चन्दा शर्मा ने छात्र छात्राओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा बेग वितरण कार्य किया गया। समारोह में उर्मिला शर्मा, रामकिशन शर्मा, अवधबिहारी शर्मा एवं परिवार जन द्वारा अपने विचार व्यक्त किये ।




सभी ने बच्चों को अच्छे अंक प्राप्त कर, अपने लक्ष्य को हासिल करने, अपने परिवार व गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। संस्था प्रधान व विद्यालय परिवार द्वारा परिवार जनों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया गया।

# ताराचंद सैनी बने संयोजक



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** भाजपा बून्दी जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने जिला संयोजक भरत शर्मा ( प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम ) एवं मंडल अध्यक्ष अनिल रंगीला की सहमति से प्रधानमंत्री मन की बात के संयोजक ताराचंद सैनी एवं सहसंयोजक महेश सोनी को नियुक्त किया है। यह प्रधानमंत्री कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने एवं बूथ लेवल तक कार्यक्रम करने के लिए अधिकृत होंगे। दोनो युवओ को नई जिम्मेदारी दिया जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने खुशी प्रकट करते हुए पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया है।

# जिले में असुरक्षित भवनों के उपयोग पर तत्काल रोक : जिला कलक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों के अनुरूप, जिले के जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को आदेशित किया है कि वे आगामी 5 दिवसों में सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ियों और अन्य सरकारी विभागों के भवनों का विशेष टीम बनाकर सघन निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान जो भी भवन असुरक्षित, जर्जर या क्षतिग्रस्त पाए जाएं, उनका उपयोग तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। कलक्टर ने स्पष्ट किया कि ऐसे भवनों का उपयोग तत्काल बंद किया जाए और विभागीय स्तर पर उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, जिन भवनों की मरम्मत संभव है, उनके लिए शीघ्र मरम्मत प्रस्ताव तैयार कर संबंधित विभाग को भेजें और इसकी सूचना अनिवार्य रूप से जिला कलेक्ट्रेट को भी दी जाए। जसमीत सिंह संधू ने सभी अधिकारियों को आगाह किया कि किसी भी परिस्थिति में बच्चों, कर्मचारियों या आमजन के लिए असुरक्षित भवनों का उपयोग न किया जाए। आदेशों की अनदेखी पर लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्पर्श फाउंडेशन की नई पहल सेवा ही सहयोग है के तहत सेवाश्रम में सामग्री वितरण

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** चन्द्रशेखर आज़ाद नगर स्थित सेवाश्रम में स्पर्श फाउंडेशन ने अपनी नई पहल सेवा ही सहयोग है के तहत आवश्यक सामग्री हेतु सहयोग राशि प्रदान की। इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष शेफाली गोयल के सुपुत्र आरव के जन्मदिन की खुशी में सेवाश्रम में चॉकलेट्स का भी वितरण किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि सभी मनुष्यों को समाज के सर्वहितकारी नियमों का पालन करते हुए सेवा कार्य में हमेशा तत्पर रहना चाहिए। यह सेवा कार्य गुणमाला जी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# एनएसयूआई के चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष पद पर संजय राव को नियुक्त किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन/चितौड़गढ़।** एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, प्रदेश प्रभारी अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रमोद सिसोदिया की सहमति से एनएसयूआई चितौड़गढ़ जिलाध्यक्ष के पद पर संजय राव सिंहपुर को नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता संजय राव की जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति लेकर एनएसयूआई प्रदेश महासचिव संजय सेन प्रदेश सचिव खुमेंद्र गुर्जर सहित क्षेत्रीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इधर एनएसयूआई चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति उपरांत संजय राव द्वारा कांग्रेस संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुवे सदैव संगठन हित में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया।



# स्वामी कृपालु महाराज की शिष्या रासेश्वरी देवी के 29 से 31 जुलाई तक कपासन में प्रवचन होंगे

## सत्संग आयोजन समिति द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार एवं तैयारियां जारी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** स्वामी कृपालु महाराज की शिष्या एवं प्रमुख प्रचारिका रासेश्वरी देवी के सानिध्य में 29 से 31 जुलाई 2025 तक समन्वयात्मक प्रवचन कार्यक्रम का नगर आयोजन किया जा रहा है। जानकारी अनुसार वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत एवं पाश्चात्य दर्शन आदि के समन्वयात्मक प्रवचन कार्यक्रम का 29 से 31 जुलाई 2025 तक प्रतिदिन सांय 7.30 से 9.30 बजे तक एसआर वाटिका कपासन में स्वामी कृपालु महाराज कि शिष्या एवं प्रमुख प्रचारिका रासेश्वरी देवी के सानिध्य में आयोजन किया जा रहा है। सत्संग आयोजन समिति अध्यक्ष एवं एसआर वाटिका कपासन के प्रतिनिधि नंदकिशोर सोनी ने बताया कि एसआर वाटिका में श्रद्धालुओं हेतु तीन दिवसीय धार्मिक प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत नगर के गणमान्यजनों सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे उक्त प्रवचन कार्यक्रम के सुनियोजित एवं सफल आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की गयी।



# स्कूल हादसे से सहमे ग्रामीणों ने विद्यालय पर जड़ा ताला, जर्जर भवन में नहीं पढ़ेंगे बच्चे, प्रशासन को चेताया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षैत्र के मकोडिया गांव में शुक्रवार मनोहर थाना के पिपलोदी गांव में हुवे दर्दनाक हादसे से सहमे ग्रामीणों ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पर ताला जड़ कर विद्यालय को बंद कर दिया था, उपसरपंच नरेन्द्र सिंह झाला द्वारा बताया गया कि मकोडिया विधालय के भवन सन् 1962 में बने हुए हैं जो इस समय जर्जर अवस्था में है और पुरी बिल्डिंग से पानी टपक रहा है और कभी भी बिल्डिंग गिर सकती है पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा लिखित में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई। अब जब तक अन्य टिन शेड कि व्यवस्था नहीं होगी तब तक विधालय भवन में बच्चों को नहीं बैठने दिया जाएगा। सूचना मिलते ही गंगधार उपखंड अधिकारी छत्रपाल चौधरी, तहसीलदार जतिन दिनकर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश चंद वर्मा मौके पर पोहचे और ग्रामवासियों से समझाइश कि गई। फिलहाल टिन शेड बनवाने का आश्वासन दिया और नये भवन और रिपेयरिंग के लिए आगे प्रस्ताव भिजवा दिया जाएगा और शीघ्र ही समस्या का जल्दी से जल्दी हल कर समाधान करने का आश्वासन दिया गया।मौके पर ऑफिस कानूनगो गणेशराम चिरोलिया, हल्का पटवारी विनोद कुमार, सरपंच प्रतिनिधि विष्णु कुमार,सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।





"इस संसार में कुछ भी स्थाई नहीं तो इस संसार की कोई वस्तु कैसे स्थाई हो सकती हैं।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# जयपुर में 1000 से ज्यादा बसें नहीं चलीं : नई दिल्ली, अहमदाबाद समेत सभी रूट पर दिखा असर, टिकटें कैंसिल हुईं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में हीरापुरा बस स्टैंड पर बसों की शिफ्टिंग और आरटीओ-ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई के विरोध में प्राइवेट बस ऑपरेटरों ने शनिवार 26 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। ऑल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने बताया- सुबह 6 बजे से राज्य और राज्य के बाहर जाने वाली करीब 1000 बसों का संचालन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इसका असर दिल्ली, अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, सूरत जैसे बड़े रूट पर देखने को मिल रहा है।इस हड़ताल के चलते रोजाना ट्रैवल करने वाले करीब 50 हजार से अधिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई पैसेंजर्स को मजबूरी में रोडवेज, टैक्सी और अन्य साधनों से सफर करना पड़ रहा है। ऐसे में रविवार को होने वाली लाइब्रेरियन परीक्षा के 80 हजार अभ्यर्थियों के सामने संकट खड़ा हो गया है। वहीं, रोडवेज की मात्र 3050 बसें पूरे प्रदेश में चल रही हैं।

## ऐप्स और ऑफलाइन बुकिंग भी बंद, कोई बस नहीं चलेगी

एसोसिएशन ने सभी ऑपरेटर्स को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर अपनी सर्विस तुरंत होल्ड करने के निर्देश दिए हैं। ऑफलाइन बुकिंग पर भी रोक लगा दी गई है। संगठन ने साफ कर दिया है कि अगर कोई ऑपरेटर बस चलाता है तो उसकी जिम्मेदारी उसी की होगी।

**शिफ्टिंग से पहले नहीं की तैयारी, चालानों से बढ़ा विवाद**

यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया कि अचानक हीरापुरा बस स्टैंड पर बसों को



शिफ्ट किया जा रहा है, जबकि वहां पार्किंग, वेटिंग एरिया और पैसेंजर्स के लिए जरूरी सुविधाएं ही नहीं हैं।

इसके बावजूद जबरन बसों को हटाया जा रहा है। शुक्रवार को झालाना आरटीओ कार्यालय में हुई बैठक में भी यह आपत्ति दर्ज कराई गई थी, लेकिन सुनवाई के बजाय एक दिन में 70 से ज्यादा बसों के चालान कर दिए गए।उन्होंने बताया- सरकार जब तक इन मुद्दों पर चर्चा नहीं करती और हीरापुरा में जरूरी व्यवस्थाएं नहीं बनतीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। सभी ट्रांसपोर्ट यूनियन इसका समर्थन कर रही हैं।

## एसोसिएशन ने सुरक्षा और स्टैंड अलॉटमेंट की भी उठाई मांग

बैठक में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा- रातोंरात बस स्टैंड शिफ्ट करने से पैसेंजर्स को दिक्कत होगी। उन्होंने मांग रखी कि 200 फीट बाईपास पर ट्रैफिक को रोक कर बसों को व्यवस्थित तरीके से शिफ्ट किया जाए। साथ ही हीरापुरा बस स्टैंड पर दिन-रात सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी बनाई जाए।ऑल राजस्थान टूरिस्ट कार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह मेहरौली ने मांग की कि उनके वाहनों के लिए अलग स्टैंड अलॉट किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रैफिक पुलिस बार-बार चालान कर देती है, कई बार बिना जानकारी के चालान घर भेज दिए जाते हैं।

# सीएम-डिप्टी सीएम के ओएसडी में जूता कांड! कर्नाटक भवन में खुलेआम धमकी, जांच के आदेश



बढ़ता राजस्थान

**बैंगलुरु ( एजेंसी )।** अंजनेया ने कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव के पास दर्ज कराई गई एक औपचारिक शिकायत में कहा कि जिस दिन से उन्होंने सहायक रेजिडेंट कमिश्नर का पदभार संभाला है, मोहन उनके काम में बाधा डाल रहे हैं।कर्नाटक कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के बीच राजनीतिक खींचतान के बीच, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के सहयोगी कर्नाटक भवन में आपस में भिड़ गए। इस घटना में कर्नाटक भवन के सहायक रेजिडेंट कमिश्नर सी. मोहन कुमार, सिद्धारमैया के विशेष कार्य अधिकारी (एसडीओ) और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के एसडीओ एच. अंजनेया शामिल हैं। दोनों के बीच का विवाद उनके वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुँच गया है। अंजनेया ने मांग की है कि सी. मोहन कुमार के खिलाफ विभागीय जाँच की जाए। अंजनेया ने कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव के पास दर्ज कराई गई एक औपचारिक शिकायत में कहा कि जिस दिन से उन्होंने सहायक रेजिडेंट कमिश्नर का पदभार संभाला है, मोहन उनके काम में बाधा डाल रहे हैं। अपने कार्यालय में, उन्होंने मुझे (अंजनेया) अपने जूते उतारने और पीटने की धमकी दी। मोहन कार्यालय परिसर में सबके सामने मुझे पीटने आए थे। अगर कोई दुर्घटना होती है, तो मोहन ज़िम्मेदार होंगे। अंजनेया ने अपने पत्र में कहा, सेवा में वरिष्ठ होने के बावजूद, वह मुझे अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोक रहे हैं। इसलिए, उनकी पदोन्नति की विभागीय जाँच होनी चाहिए और इस तथ्य की भी जाँच होनी चाहिए कि मेरी गरिमा को ठेस पहुँची है।

# अमेरिका ने डील के बावजूद गाइडेड बम नहीं दिए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उस वक्त के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के ऑफिस में हॉटलाइन पर एक कॉल आई। दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन थे। वे दो परमाणु बम वाले देशों के बीच 2 महीने से जारी कारगिल युद्ध को रोकने के लिए मशविरा करना चाहते थे।क्लिंटन के स्पेशल असिस्टेंट ब्रूस रिडेल के मुताबिक, अटल ने कहा कि जब तक पाकिस्तानी सेना भारत के इलाकों से वापस नहीं लौटती, तब तक वह कोई बात नहीं करेंगे। अगले ही दिन पाकिस्तान के पीएम नवाज शरीफ ने क्लिंटन को कॉल पर कहा कि वो मदद लेने अमेरिका आना चाहते हैं। इस पर क्लिंटन ने अटल की शर्त दोहराई दी।कारगिल जंग में अमेरिका किसका साथ दे रहा था और भारत ने किसकी मदद से जीती मुश्किल लड़ाई।

कारगिल में पाकिस्तान की घुसपैठ पर अमेरिका की बयानबाजी कारगिल के इलाकों में जनवरी से अप्रैल 1999 के बीच घुसपैठ हुई। पाकिस्तानी आर्मी स्न्न्ष्ट के 4 से 10 किमी अंदर आ गई और सर्दियों में खाली पड़ी 130 भारतीय पोस्ट पर कब्जा कर लिया।3 मई 1999 को पहली बार भारत को इसकी भनक लगी। आधी मई के बाद भारत ने घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए ऑपरेशन शुरू कर दिए।

# पाकिस्तान में टिकटॉक क्रिएटर की जहर देकर हत्या



बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** उनकी 15 साल की बेटी ने दावा किया कि कुछ लोग सुमीरा पर जबरन शादी का दबाव बना रहे थे। जब सुमीरा ने इससे इनकार किया तो उन्हें जहरीली गोलियां देकर हत्या कर दी गई। सुमीरा राजपूत एक जानी-मानी डिजिटल कंटेंट क्रिएटर थीं, जिनके टिकटॉक पर 58,000 फॉलोअर्स और 10 लाख से ज्यादा लाइक्स थे। उनकी बेटी भी टिकटॉक पर एक्टिव है और उसके भी 58,000 फॉलोअर्स हैं।पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, घोटकी जिला पुलिस अधिकारी अनवर शेख ने बेटी के दावे की पुष्टि की है। हालांकि, अभी तक इस मामले में कोई स्नङ्घक्रदर्ज नहीं हुई है।पाकिस्तान में पिछले महीने भी 17 साल की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की इस्लामाबाद में उनके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।हमलावर मैट्रिक पास और बेरोजगार था और बेहद गरीब परिवार से आता है। उसने सना को कई बार प्रपोज किया था लेकिन उसने हर बार मना कर दिया था। आरोपी ने पहले सना से घर के बाहर कुछ देर बात की और फिर घर के अंदर आकर गोलियां चलाईं। सना को बहुत नजदीक से दो गोलियां लगी थी, जिसके बाद उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पाकिस्तान में पहले भी कई सोशल मीडिया स्टार की हत्या हो चुकी है। 9 साल पहले कंदील बलोच नाम की सोशल मीडिया स्टार की घर में ही हत्या कर दी गई थी।

# मालदीव की आज़ादी के जश्न में मोदी बने मुख्य अतिथि, जयशंकर ने द्वीप राष्ट्र की हीरक जयंती पर दी बधाई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री मोदी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जो महीनों के तनाव के बाद भारत-मालदीव संबंधों में नए सिरे से सुधार का संकेत है। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग और हिंद महासागर में शांति व स्थिरता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता मजबूत हुई है।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। यह द्वीपीय राष्ट्र अपनी हीरक जयंती स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ राजधानी माले में आयोजित एक भव्य समारोह के साथ मना रहा है। इस समारोह में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति महीनों के कूटनीतिक तनाव के बाद भारत-मालदीव संबंधों में आए सकारात्मक बदलाव को दर्शाती है।



भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी मालदीव की जनता और सरकार को उनके 60वें स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएँ दीं। सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा करते हुए कहा कि मालदीव की सरकार और जनता को उनकी स्वतंत्रता की हीरक जयंती के अवसर पर बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आज माले में इस समारोह में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। हम दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने का भी जश्न मना रहे हैं। हम हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए अपनी साझेदारी को और मज़बूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

# बीजापुर में जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया

बढ़ता राजस्थान

**बीजापुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा इलाके में शनिवार शाम को मुठभेड़ में जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव और ढ्ढहृस्-स्रू राइफल समेत बड़ी संख्या में हथियार, विस्फोटक बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है।दक्षिण-पश्चिमी जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शाम से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। इसके पहले 18 जुलाई को नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में जवानों ने 6 नक्सलियों का एनकाउंटर किया था। मुखबिर की सटीक सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। जहां फोर्स ने माओवादियों को घेर कर मार गिराया।बारिश के मौसम में भी नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन मानसून जारी है। इस दौरान पुलिस का नक्सलियों से सामना हुआ। दोनों तरफ से फायरिंग हुई थी।

# दुख है ऐसी सरकार के समर्थन पर..., चिराग पासवान ने बिहार में अपराध पर नीतीश सरकार को घेरा

बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** चिराग पासवान ने आगे कहा कि यह सही है कि इस घटना की निंदा आवश्यक है, लेकिन ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? अपराधों का एक सिलसिला सा चल पड़ा है। अगर यह ऐसे ही चलता रहा, तो स्थिति भयावह होगी, बल्कि, स्थिति भयावह हो गई है।



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने शनिवार को बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपराध पर अंकुश लगाने में असमर्थ सरकार का समर्थन करने में दुख हो रहा है। एनडीए सरकार में केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा कि बिहार में प्रशासन हत्या, अपहरण, डकैती और बलात्कार की घटनाओं को रोकने में पूरी तरह से असमर्थ है। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में जिस तरह से अपराध हो रहे हैं, प्रशासन अपराधियों के सामने पूरी तरह से नतमस्तक हो गया है।

चिराग पासवान ने आगे कहा कि यह सही है कि इस घटना की निंदा आवश्यक है, लेकिन ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं?

# देश में किसान से ज्यादा स्टूडेंट कर रहे आत्महत्या, सुप्रीम कोर्ट को भी कहना पड़ा- कुछ तो गड़बड़ है?

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में छात्रों की आत्महत्याएं किसानों से भी ज़्यादा चिंताजनक हैं! सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए इसे कुछ तो गड़बड़ बताया है। एनसीआरबी के अनुसार, 2022 में 13 हजार से अधिक छात्रों ने जान दी। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और अकादमिक दबाव के चलते बढ़ते इन मामलों पर स्ष्ट ने 15 सख्त गाइडलाइंस जारी की हैं, जिनमें काउंसलर, उत्पीड़न रोकथाम और हॉस्टल सुरक्षा शामिल है, ताकि युवा जीवन बचाया जा सके।



तुझे सूरज कहूँ या चंदा, तुझे दीप कहूँ या तारा, मेरा नाम करेगा रोशन जग में मेरा राज दुलारा 70 के दशक में आई फिल्म एक फूल दो माली के गीत को सुनने पर वो इंस्पिरेशन दिखती है जो माता-पिता अपने बच्चों में देखते हैं। जब उन्हें लगता है कि बेटा बड़ा होगा या बेटी बड़ी होगी तो कुछ अच्छा, नया, इनोवेटिव करेगी। कुल का नाम रोशन करेगा। लेकिन हो क्या रहा है? देश की सर्वोच्च अदालत ने बकायदा संज्ञान लेकर कहा है कि कैंपस में कुछ तो ऐसा गलत चल रहा है, जिस पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। सबसे बड़ी बात ये है कि कोर्ट ने सुओ मोटो यानी स्वत- संज्ञान लिया है। क्या है पूरा मामला और सुप्रीम कोर्ट ने इस पर क्या कहा तमाम मसलों पर बात करेंगे। एक तो आपने आईआईटी खड़गपुर की बात सुनी होगी जहां पर चतुर्थ वर्ग के अंडरग्रैजुएट लड़के ने सुसाइड कर लिया। दूसरा मामला ग्रेटर नोएडा की शादरा यूनिवर्सिटी से जुड़ा है। वहां पर बीडीएस यानी बैचलर ऑफ डेंटल सर्जन की स्टूडेंट ज्योति शर्मा ने हास्टल के कमरे में सुसाइड कर लिया। उसने दो फैकल्टी मेंबर का नाम आगे किया कि इनकी वजह से सुसाइड किया। आपको कुछ महीने पहले की एक घटना याद होगी जब नेपाल की एक लड़की ने एक लड़के की वजह से आत्महत्या कर लिया था। आत्महत्या जैसे विषयों की बात करें तो बहुत बार ये चर्चा में आता है। आखिर बच्चे अपने प्राण क्यों ले लेते हैं? कई बार ऐसी चीज हम नई जनरेशन पर थोप देते हैं कि नई जनरेशन ही ऐसी है कि जल्दी हार मान जाती है। वो परिवार जो बहुत आशाओं से अपने बच्चे को पढ़ने के लिए भेजता है। पैसा बचाकर, जुटाकर खुद सस्ते कन्वेंस के द्वारा ट्रैवल करता है। लेकिन कोशिश करता है कि बच्चा हमारा अच्छे से पढ़े। लेकिन बहुत से ऐसे कारण हैं जिन वजहों से बच्चे सुसाइड करने पर आ जाते हैं। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कुछ तो गड़बड़ है जिसपर ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

वहीं एक विशाखापट्टनम में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की मौत की जांच सीबीआई से कराने की मांग आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने खारिज कर दी थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। शिक्षण संस्थानों में स्टूडेंट्स की आत्महत्या और उनमें बढ़ती मेंटल हेल्थ की समस्याओं पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई और कहा कि आत्महत्या की रोकथाम के लिए देश में कोई माकूल कानून नहीं है। इसे देखते हुए कोर्ट ने 15 गाइडलाइंस जारी कीं, जो तब तक पूरे देश में लागू और बाध्यकारी होंगी, जब तक कानून नहीं बन जाता है। ये गाइडलाइंस सभी सरकारी, सार्वजनिक, प्राइवेट स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, प्रशिक्षण और कोचिंग संस्थानों और हॉस्टलों पर लागू होंगी, चाहे वे किसी भी चाहे वे किसी भी बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबद्ध हों। सुप्रीम कोर्ट ने नीट की तैयारी कर रही 17 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध हालत में मौत के मामले में सुनवाई करते हुए ये गाइडलाइंस जारी कीं। साथ ही, छात्रा की मौत की सीबीआई से जांच कराने का भी आदेश दिया है।

**1 लाख 70 हजार सुसाइड केस में 13 हजार छात्र**

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी ) की रिपोर्ट में बढ़ते आंकड़े परेशान करने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में देशभर में कुल 1 लाख 70 हजार 924 लोगों ने आत्महत्या की, जिनमें से 13,044 छात्र थे। साल 2001 में स्टूडेंट्स की मौत के आंकड़े 5,425 थे। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, 100 आत्महत्याओं में करीब 8 छात्र शामिल थे। इनमें से 2,248 छात्रों ने सिर्फ इसलिए जान दे दी, क्योंकि वे परीक्षा में फेल हो गए थे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार